मेन्टीनेन्स मैन्यूअल
2004

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

•

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर

आगार कार्यशाला के लिये मेन्टीनेन्स शिड्यूल

प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स शिड्यूल प्रथम (दैनिक) लिलैण्ड/टाटा वाहनों के लिए

1. वाहन में अन्दर से झाडू लगाये, सीटों की सफाई एवं धुलाई करना।
2. इंजिन ऑयल लेवल चैक करना एवं कम हो तो पूरा करना।
3. वाहन के सभी टायर एवं स्टेपनी चैक करना, यदि पंक्चर हो तो ठीक करें।
4. यदि वाहन के टायर में कट लगा हो तो बदली करें।
5. यदि वाहन धक्का स्टार्ट हो तो सेल्फ स्टार्ट करें।
6. बैट्री में डिस्टिल वाटर लेवल चैक करें एवं कम हो तो पूरा करें।
7. वाहन की हैड लाईट, छत के अन्दर की लाईटें, डिम्पर स्वीच इत्यादि चालू हैं, सुनिश्चित करें।
8. रेडियेटर में कूलेन्ट मिश्रण चैक करें, यदि कम हो तो पूरा करें।
9. चालक द्वारा डिफेक्ट बुक में अंकित यांत्रिक दोष को अटैण्ड कर दोष को दूर करें।
10. मार्ग पर जाते समय मार्ग डेस्टीनेशन बोर्ड लगाकर भिजवायें।

प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स शिड्यूल द्वितीय-**2000** कि.मी. पर लिलैण्ड/टाटा के लिए

1. दैनिक रूप से किये जाने वाले सभी कार्य करेंगे।
2. वाहन धुलाई के साथ-साथ आगे-पीछे के ग्लास, विन्डो ग्लास की सफाई करेंगे।
3. चालक फाटक एवं परिचालक फाटक के लोक व हैंडल चैक करें एवं यदि खराब हो तो दुरुस्त करेंगे।
4. एयर क्लीनर को साफ करें।
5. इंजिन स्टार्ट कर ऑयल प्रेशर, उच्चतम एवं न्यूनतम एयर प्रेशर इत्यादि चैक करें।

6. डीजल एवं ऑयल का कहीं रिसाव तो नहीं है, चैक कर दुरुस्त करें।

7. एयर टैंक ड्रैन करेंगे।

8. चैसिस के सभी ग्रीस पाइंट पर ग्रीस करें एवं सुनिश्चित करें कि सभी पाइंट पर निपल लगी हो।

9. वाहन के सभी ऑयल पाइंट पर केन से ऑयल डालें।

10. गियर बॉक्स डिफ्रेन्शियल में सी-ऑयल लेवल चैक करें एवं कम हो तो पूरा करें।

11. डीजल टैंक केप चैक करें, यदि नहीं हो तो लगायें।

12. रेडियेटर केप चैक करें।

13. सभी माउन्टिंग बोल्ट एवं फिक्सर्स चैक करें एवं यदि लूज हो तो टाईट करें, जैसे-

    1. इंजिन माउन्टिंग
    2. रेडियेटर माउन्टिंग
    3. स्टेयरिंग माउन्टिंग
    4. एक्शल स्टड
    5. प्रोपलर शाफ्ट, सेन्टर बियरिंग हाऊसिंग बोल्ट
    6. फ्रन्ट स्प्रिंग आई बोल्ट, शैकल, पिन लोक बोल्ट, रियर स्प्रिंग यू बोल्ट
    7. इंजेक्टर पाईप क्लेम्पिंग।

14. टायरों में हवा का दबाव चैक करें एवं सुनिश्चित करें कि आगे के टायर में 75 एवं पीछे के टायर में 85 पौंड हवा हो।

15. यात्री सीटों को चैक कर दुरुस्त करना सुनिश्चित करें।

प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स शिडयूल (तृतीय)

(लिलैण्ड वाहनों के लिए 16,000 कि.मी. एवं टाटा के लिए 18,000 कि.मी.)

1. रोजाना का प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स शिडयूल एवं 2000 कि.मी. मेन्टीनेन्स में वर्णित सभी कार्य किये जावें।

2. ऑयल फिल्टर एवं ऑयल चेन्ज करें।

3. ब्रेक सैटिंग एडजस्ट करें।

4. किन पिन प्ले चैक करें एवं यदि आवश्यक हो तो एडजस्ट करें।

5. आगे के चक्कों की बियरिंग प्ले चैक करें, आवश्यक हो तो एडजस्ट करें एवं बियरिंग में ग्रीस की पूर्ति करें।

6. रफ एवं फाइन दोनों डीजल फिल्टर। एक साथ बदली नहीं कर एक के बाद एक बदलें।

7. कम डीजल औसत देने वाली वाहन का एफ.आई.पम्प एवं इंजेक्टर चैक करें, यदि आवश्यक हो तो दोनों को चेन्ज करें।

8. इंजिन की टयूनिंग करें एवं टेपिट एडजस्ट करें।

9. क्लच पैंडल प्ले चैक करें, यदि आवश्यक हो तो एडजस्ट करें।

10. डीजल टैंक ब्रेकिट चैक करें, यदि टूटा हो तो दुरुस्त करें।

11. एयर टैंक माउन्टिंग एवं एयर टैंक पाईप लाईन चैक करें,यदि आवश्यक हो तो दुरुस्त करें अथवा बदली करें।

12. स्प्रिंग असेम्बली चैक करें, यदि पत्ता टूटा हो तो बदली करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि सभी असेम्बलीज में क्लिप मय नट-बोल्ट के लगी हुई हों।

13. टायर घिसाब अनियमन हो तो टायर रोटेड किये जावें एवं व्हील एलाईमेन्ट चैक किया जावे।

14. एफ.आई.पम्प का ग्लासी फिल्टर एवं एयर ब्रीदर साफ किये जावें। टाटा वाहनों की पम्प ग्लासी में लगी तार जाली साफ करें।

15. फेन बेल्ट ढीली हो तो टाईट एवं एडजस्ट करें।

हैवी डॉकिंग मेन्टीनेन्स **40,000** कि.मी. – लीलैण्ड / टाटा वाहनों के लिए

1. रोजाना का प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स एवं 2000 कि.मी., 16,000/18,000 कि.मी. मेन्टीनेन्स पर किये जाने वाले सभी कार्य करें।

2. इंजिन–

1. इंजिन को साफ करें।

2. इंजिन फाउन्डेशन, रेडियेटर फाउन्डेशन, रेडियेटर हौज चैक करें, आवश्यक होने पर दुरुस्त अथवा बदली करें।

3. इंजिन स्टार्ट करें, अधिकतम एवं न्यूनतम ऑयल प्रेशर चैक करें एवं यदि इंजिन बैक कम्प्रेशर हो तो इंजिन बदली करें।

4. इंजिन एयर ब्रीदर साफ करें।

5. यदि इंजिन में कहीं से भी ऑयल रिसाव हो तो चैक करें एवं रिसाव को रोकें। आवश्यकता हो तो हैड गैस किट एवं ऑयल सील बदली करें।

6. यदि इंजिन में रिंग नहीं बदली जानी है तो हैड टाईट कर टेपिट सैटिंग करें।

7. इंजिन के सभी नट, स्क्रू, इनलैट व एक्जास्ट मेनीफोल्ड एवं साईड प्लेट बोल्ट इत्यादि चैक कर टाईट करें।

8. इंजिन के इंजेक्टर प्रेशर चैक करें, यदि आवश्यक हो तो बदली करें।

9. इंजिन स्टार्ट कर आइडल स्पीड सैट करें।

10. फ्यूल पम्प कपलिंग एवं फ्यूल टाइमिंग चैक करें, आवश्यक हो तो एडजस्ट करें।

3. चेसिस–

चेसिस में कहीं बैंड अथवा क्रेक तो नहीं है, चैक करें एवं आवश्यकतानुसार रिपेयर की कार्यवाही की जावे।

4. ट्रांसमिशन–

1. सभी प्रोपलर शाफ्ट खोलें एवं लेथ मशीन पर चैक कराया जावे कि बैण्ड तो नहीं है, यदि बैण्ड हो तो बदली करें।

2. शाफ्ट के सभी झिरी, गुल्ले, योक, बियरिंग ऑयल सील, यू.जे. क्रॉस सेन्टर बियरिंग हाउजिंग फ्लैंज इत्यादि चैक

करायें एवं आवयकता अनुसार बदलें अथवा रिपेयर कर वापिस लगायें।

5. क्लच-

क्लच पैंडल प्ले चैक कर एडजस्ट करें। यदि क्लच स्लिप की शिकायत हो तो क्लच प्लेट बदली करें।

6. कमानियाँ-

1. वाहन की सभी कमानियाँ खोलें एवं चैक करें, यदि पत्ते टूटे/क्रेक हों तो पत्ते बदली करें, कमानी में दम लगायें तथा पत्तों के ग्रीस लगाकर दोबारा कमानी बनाकर लगायें।

2. कमानी क्लिप व बोल्ट, स्लीव इत्यादि सही प्रकार से लगायें।

3. यू बोल्ट एवं आई. बोल्ट चैक करें, एवं टाइट करें।

4. हैंगर ब्रेकिट, शैकल पिन, बुश इत्यादि चैक करें, आवश्यक हो तो बदली करें अथवा रिपेयर करें।

5. शोक एक्जर्वर ब्रेकिट चैक करें, आवश्यकतानुसार रिपेयर अथवा बदली करें।

7. वाहन के चारों चक्कों में किये जाने वाले कार्य-

1. वाहन के चारों व्हील खोलकर एवं हब बाहर निकालकर बियरिंग, ऑयल सील, स्पेसर एवं चक नट चैक कर आवश्यकतानुसार बदलने की कार्यवाकी की जावे।

2. हब एवं बोल्ट चैक किये जावें, आवयकतानुसार रिपेयर अथवा बदली किये जावें।

3. ब्रेक शू, ब्रेक शू पिन एवं स्प्रिंग इत्यादि खोलकर चैक किये जावें एवं आवश्यकतानुसार रिपेयर अथवा बदली कर दिये जावें।

4. ब्रेक केम खोलें, ब्रेक केम बियरिंग चैक करें, यदि आवश्यकता हो तो बेल्डिंग/मशीनिंग करावें।

5. ब्रेक लाईनर चैक करें, घिस गये हो तो बदली करें।

6. ब्रेक ड्रम चैक करें, आवश्यकता हो तो ड्रम लेथ मशीन पर टर्निंग और फेसिंग करावें।

7. स्पेण्डल चैक करें, यदि क्रेक हो तो रिपेयर करें। किन पिन एवं बुश चैक करें, आवश्यकतानुसार एडजस्ट करें।

8. ऑयल कम्पनी की सिफारिश अनुसार ग्रीस का उपयोग करते हुये चारों व्हील असेम्बल करेंगे।

8. ब्रेक-

1. हैण्ड ब्रेक वाल्व, ई-2 व दोहरे ब्रेक वाल्व को चैक करें।

2. सारे ब्रेक पाईपों एवं सारे ब्रेक हौज को चैक करें, यदि पाईप घिस गये हो तो वेल्ड अथवा बदली किये जावें एवं सभी पाईपों की क्लम्पिंग ठीक प्रकार से की जावे।

3. ब्रेक डायफ्राम चैक किये जावें, यदि फटे हुये हों तो बदली किये जावें।

9. ईंधन लाईन-

1. डीजल टैंक खोलें एवं साफ करें।

2. डीजल टैंक ब्रेकिट, कैप एवं लोडेड स्प्रिंग चैक करें, आवश्यकतानुसार बदली किये जावें।

3. ईंधन पाईप लाईनें चैक की जावें एवं यदि लीकेज हो तो बदली की जावें। ईंधन लाईन के क्लेम्पिंग सही प्रकार से हों, सुनिश्चित किया जावे।

10. एफ.आई. पम्प एवं इंजेक्टर सैट-

1. एफ. आई. पम्प कपलिंग एवं कपलिंग बोल्ट, डिलेवरी वाल्व चैक करें एवं सारे स्क्रू नट इत्यादि टाईट एवं पम्प टाइमिंग तथा इंजेक्टर नोजल स्प्रे चैक कराया जावे।

11. स्टेयरिंग, पुशराड एवं टायराड-

1. स्टेयरिंग आर्म, टाईराड खोलकर चैक करें, टाइराड की चूड़ियाँ सही हों, सुनिश्चित करें एवं टाईराड एण्ड टाईट करें एवं नट बोल्ट की लोकिंग सुनिश्चित करें। व्हील एलाईमेन्ट करें। स्टेयरिंग की फ्री-प्ले चैक कर एडजस्ट की जावें।

12. क्राउन व्हील पिनियन-

1. क्राउन व्हील सहित खोलें एवं क्राउन पिनियन दाँते बियरिंग चैक करें, यदि टूटे हुये हो तो बदली किये जावें।

2. क्राउन व्हील पिनियन की बैकलेश चैक कर एडजस्ट की जावें।

13. गियर ऑयल बदली-

1. स्टेयरिंग, गियर बॉक्स डिफ्रेन्शियल का गियर ऑयल बदली किया जावे।

2. गियर लीवर चैक कर एडजस्ट किया जावे।

14. विद्युत सम्बन्धी कार्य-

1. तेजाब की ग्रेविटी चैक की जावे एवं आवश्यकतानुसार तेजाब की पूर्ति की जावे।

2. बैट्री रिचार्ज लगायी जावे।

3. यदि बैट्री चार्ज नहीं पकड़े तो नयी बैट्री लगायी जावे।

4. सेल्फ, अल्टीनेटर चैक किये जावें एवं कार्य सही प्रकार से कर रहे हैं, सुनिश्चित किया जावे।

5. वाईपर, मोटर आर्म एवं ब्लैड चैक कर सही करें।

15. वाहन की बॉडी सम्बन्धी कार्य-

1. वाहन छोटी दुर्घटनाग्रस्त हो तो रिपेयर करायी जावें।

2. आगे व पीछे के बम्पर ठीक हों, सुनिश्चित करें।

3. चालक एवं यात्री प्रवेश द्वार के कब्जे एवं लोक सही प्रकार से हों, सुनिश्चित किया जावे।

4. 2, 3 तथा 6 सीटों वाली सभी सीटों के फ्रेम चैक किये जावें, आवश्यकता हो तो वेल्ड एवं सीटें फिक्स की जावें।

5. वाहन के सभी चैसिस यू बोल्ट चैक करें एवं उनमें ब्लाटा पैकिंग लगी हों,सुनिश्चित करें।

6. वाहन की बॉडी की चद्दर फटी हुई हो तो पेच कार्य पूरा किया जावे।

7. यदि वाहन का कोई शीशा टूटा हो तो बदली कराया जावे।

8. वाहन की आगे की जाली चैक करें, टूटी हो तो वेल्ड की जावे।

9. खिड़कियों के शीशों के लोक चैक करें, टूटे हों तो बदली करें।

16. डेश बोर्ड में होने वाले कार्य-

1. ऑयल प्रेशर मीटर, तापमापी यंत्र, विद्युत मापी यंत्र, हवा का दबाव एवं स्पीड मीटर इत्यादि का सही कार्य करना सुनिश्चित किया जावे। यह भी सुनिश्चित किया जावे कि डेश बोर्ड बल्व जल रहे हैं, ताकि चालक रात्रि में भी मीटर रीडिंग देख सकें।

17. कूलिंग सिस्टम-

1. वाहन का रेडियेटर चैक करें, रेडियेटर कौर, ऊपर व नीचे की टंकी चैक करें, यदि ठीक होने की काबिल नहीं हो तो बदली करें।

2. कूलेंट सही मात्रा एवं सही स्तर पर होना आवश्यक है। अतः तदनुसार चैक कर पूर्ति की जाये।

18. वाहन की रिमें-

1. वाहन की रिम में बल हो अथवा मोच हो, तो सुराख ढीले हों, तो रिम बदली करें, ताकि टायरों में अनियमित घिसाव नहीं हो।

19. वाहन की धुलाई एवं रंग रोगन का कार्य-

1. वाहन का मेन्टीनेन्स के बाद अंदर एवं बाहर से पूरी तरह साफ करे, धुलाई करे, दाग-धब्बे पाउडर से साफ करें एवं आवश्यक हो, तो किये गये पेच कार्य पर रंग व पेन्ट व फ्रंट शो भी पेन्ट किया जावे।

2. वाहन को मार्ग पर 2-3 कि.मी. भेजकर टेस्ट कराया जावे। इस दौरान यदि किसी प्रकार की यंत्रदोष त्रुटि पाई जावे, तो वाहन का पुनः कार्य कराकर ऑन टैस्ट कराया जावे।

3. 40,000 कि. मी. मेन्टीनेन्स प्रबंधक (संचालन) की निगरानी में उपरोक्त वर्णित पूरा कार्य करायेंगे।

प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स शिडयूल (पंचम)

(80,000 कि.मी. - लीलैण्ड/टाटा वाहनों के लिये)

1. 40,000 कि.मी. प्रीवेन्टिव मेन्टीनेन्स में किये जाने वाले सभी कार्य करें।

2. वाहन के लिये सालाना फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु विशेष तौर पर वाहन की बॉडी मरम्मत, रंग, यात्री एवं चालक सीट मरम्मत आदि कार्य भली-भाँति कराया जावे।

3. वाहन को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय में भेजने से पूर्व इंजिन स्मोक टैस्ट कर, आवश्यकतानुसार कार्य कराकर भेजेंगे।

कार्यशाला मेन्यूअल
2004

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

•

डीजल शाखा

आगार कार्यशाला में सबसे महत्त्वपूर्ण विभाग डीजल शाखा होती है, क्योंकि कार्यशाला मद के प्रत्यक्ष परिवर्तनशील लागत का लगभग 80 प्रतिशत खर्चा डीजल की मद में होता है। अत: कार्यशाला प्रभारी एवं डीजल प्रभारी खपत में नियंत्रण हेतु विशेष ध्यान देंगे।

डीजल शाखा के अंतर्गत निम्न कार्यों का सम्पादन होगा-

(**1**) भारतीय तेल कम्पनी से प्राप्त डीजल टेंकर खाली कराते वक्त सावधानी रखने हेतु निर्देश-

1. डीजल टैंकर के साथ प्राप्त चालान में गन्तव्य स्थान, टैंकर रजिस्ट्रेशन नम्बर व डीजल की मात्रा चैक करें।
2. भारतीय तेल निगम से प्रस्थान समय तथा आगार कार्यशाला के मध्य की दूरी के हिसाब से कितना समय लगा, चैक करें।
3. डीजल टैंकर में लगी सभी सीलें चैक करें एवं सुनिश्चित करें कि सील सही सलामत है एवं चालान में दिये गये नम्बरों के अनुरूप है।
4. डीजल टैंकर कार्यशाला में आने के बाद 10-15 मिनट समतल जगह पर खड़ा रखें।
5. वाटर फाइन्डिंग पेस्ट लगाकर चैक कर सुनिश्चित करें कि डीजल में पानी तो नहीं मिला हुआ है।
6. टैंकर की डिप रीडिंग रोड को सही चैक करें एवं रोड पर गैसोलीन पेस्ट लगाकर प्रत्येक कम्पार्टमेन्ट चैक कर सुनिश्चित करें कि डिप रोड पूरक लाईन तक सही है।
7. टैंकर के प्रत्येक कम्पार्टमेन्ट की डीजल डेनसिटी चैक करें व चालान से मिलान करें। ज्यादा अन्तर आने पर तेल कम्पनी को अवगत करावें।
8. उपरोक्त पूरी चैकिंग के पश्चात् यदि डीजल मात्रा सही नहीं पाई जावे तो कम डीजल की पूर्ति निगम पम्प से कर उसकी मात्रा का रिमार्क तेल निगम के बिल की सभी प्रतियों में इन्द्राज करें एवं प्रबंधक (संचालन) अपने हस्ताक्षर करें तथा टैंकर चालक के द्वारा बार-बार पुनरावृत्ति करें तो इसकी शिकायत भारतीय तेल निगम को करते हुये इसकी प्रति सम्बन्धित महा प्रबंधक (संचालन) को भी भिजवायें।
9. डिप की छड़ लम्बाई व उस पर लगे चिन्ह नापशील को भारतीय तेल निगम से जारी प्रमाण पत्र से मिलान करें।
10. टैंकर टायरों की हवा की ओर विशेष ध्यान दिया जाये। क्योंकि कम हवा होने पर डीजल कम होने की संभावना बनी रहती है।
11. भारतीय तेल निगम से जब भी डीजल टैंकर प्राप्त होता है उसका एक रजिस्टर संधारण किया जायेगा।

(**2**) डीजल पम्प रख-रखाव के लिये आवयक निर्देश

1. डीजल पम्प यूनिट सही प्रकार से कार्य करती रहें, इसके लिये सामयिक रख-रखाव आवश्यक है, इसके लिये समय-समय पर तेल कम्पनी के सुपरवाईजर को बुलाकर चैक करवायेंगे।
2. डीजल पम्प यूनिट किसी कारण वश पूरी तरह काम करना बंद कर दें तो तेल कम्पनी को तुरंत दोष निवारण हेतु सूचित करें एवं महा प्रबंधक (संचालन) को भी सूचना देवें।
3. डीजल कट-ऑफ नोजल को हमेशा सही हालत में रखें। खराबी होने पर तेल कम्पनी को सूचित कर रिपेयर या बदली करावें।
4. डीजल डिलीवरी रबड़ पाईप कटी हुई नहीं हो, सुनिश्चित करें।
5. डीजल पम्प के साथ स्थापित विद्युत मोटर एवं सेल्फ स्टार्टर सही हालत में रखे जावें।
6. डीजल स्टोरेज टैंक बिहेवियर पर विशेष ध्यान देंगे। यदि डिप रीडिंग के आधार पर कम/अधिक का असाधारण अन्तर पाये जाने पर शीघ्र तेल कम्पनी को सूचित कर दोष निवारण करायें।
7. यह सुनिश्चित करें कि डीजल स्टोरेज टैंक के ब्रीदर पाईप का ढक्कन लगा हुआ है, ताकि वर्षा या अन्य कारण से स्टोरेज टैंक में पानी नहीं जा पायें।
8. डीजल पम्प यूनिट पर प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी की ही ड्यूटी लगाई जावे, ताकि पम्प का संचालन सुचारू रूप से हो सके।
9. इंजेक्टर टैस्टर मशीन का निर्धारित प्रेशर पर सैट होना सुनिश्चित किया जावे, इसके लिए मास्टर इंजेक्टर का उपयोग करें।
10. स्मोक टैस्टिंग मशीन का सही प्रकार से कार्य करना सुनिश्चित करें।

(**3**) डीजल शाखा में रिकार्ड संधारित करने के निर्देश

डीजल प्रभारी डीजल शाखा में निम्न रिकार्ड पूर्ण रूप से नियमित निर्धारित प्रोफार्मा में संधारित किया जाना सुनिश्चित करेंगे-

1. डीजल टैंक लोरी रजिस्टर
2. डीजल स्टोक रजिस्टर
3. ऑयल स्टोक रजिस्टर
4. डीजल पम्प केलिब्रेशन रजिस्टर

5. डीजल डेनसिटी रजिस्टर

6. डीजल इश्यू स्लिप

7. ऑयल इश्यू स्लिप

8. दैनिक डीजल इश्यू समरी रजिस्टर

9. दैनिक ऑयल इश्यू समरी रजिस्टर

10. मासिक वाहन वार डीजल औसत रजिस्टर

11. मासिक चालक वार डीजल औसत रजिस्टर

12. अनुबंधित वाहनों को जारी डीजल स्लिप एवं समरी रजिस्टर

13. तेल कम्पनी को भेजे जाने वाले डीजल माँग पत्र का रिकार्ड

14. जले हुए ऑयल का रिकार्ड रजिस्टर

(**4**) डीजल शाखा प्रभारी के कर्त्तव्य

1. डीजल की आवश्यकता के अनुसार तेल कम्पनी को माँग पत्र प्रबंधक (संचालन) के हस्ताक्षर से भिजवायेंगे। प्राप्त तेल के बिल का इन्द्राज निर्देशानुसार डीजल स्टोक रजिस्टर में कर भुगतान हेतु मूल प्रति लेखाधिकारी, केन्द्रीय भण्डार को भिजवायेंगे।

2. कार्यशाला में स्थापित डीजल भण्डारण टैंक/टैंकों की डिप रीडिंग रोजाना प्रात: 8.00 बजे लेकर डीजल स्टोक रजिस्टर में इन्द्राज कर डीजल मात्रा का सत्यापन करेंगे एवं अपने हस्ताक्षर करेंगे।

3. सप्ताह में एक बार (सोमवार को) डीजल शाखा प्रभारी एवं कार्यशाला प्रभारी डीजल पम्प की सही डिलीवरी सुनिश्चित करने हे 5 लीटर के मानक कैन द्वारा केलिब्रेशन चैक कर निर्धारित रजिस्टर में संधारण करेंगे एवं डीजल प्रभारी व कार्यशाला प्रभारी अपने हस्ताक्षर करेंगे। केलिब्रेशन में अन्तर रहने पर संबंधित तेल कम्पनी को दोष निवारण हेतु पत्र लिखेंगे एवं एक प्रति सम्बन्धित जोन के महा प्रबंधक (संचालन) को भेजेंगे।

4. डीजल पम्प पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा वाहनों में जारी किये जाने वाले डीजल की सही मात्रा की डीजल स्लिप जारी किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

5. रोजाना डीजल समरी रजिस्टर पूर्ण करेंगे एवं कार्यशाला प्रभारी को निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेंगे।

6. अन्य आगारों को जारी किये गये डीजल की मासिक सूचना प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में संबंधित आगार को भेजकर

सत्यापन करायेंगे एवं स्वयं के आगार द्वारा अन्य आगारों से लिये गये डीजल मात्रा का सत्यापन कर संबंधित आगारों को सूचित करेंगे।

7. अन्य आगारों से लिये जाने वाले डीजल के संबंध में मात्रा निर्धारित कर संबंधित कार्यशाला प्रभारी को सूचित करेंगे एवं अपने चालकों को भी पाबंद करेंगे।

8. डीजल पम्प पर आगार द्वारा संचालित शिडयूल, ट्रिप कि.मी. का विवरण एवं निर्धारित डीजल की मात्रा दर्शाने वाला बोर्ड तैयार कर लगायेंगे।

9. डीजल शाखा कमरे के बाहर डीजल मोनीटरिंग चार्ट में सर्वाधिक एवं सबसे कम डीजल औसत देने वाले पाँच-पाँच चालकों का नाम विवरण सहित बोर्ड पर दैनिक रूप से लिखेंगे।

10. प्रत्येक सप्ताह लगातार कम डीजल औसत देने वाली वाहनों की सूची तैयार कर उन्हें अटैण्ड कराने की कार्यवाही करेंगे।

11. लगातार कम ऑयल टॉप अप औसत देने वाली वाहनों को भी साप्ताहिक समीक्षा कर उन्हें अटैण्ड करायेंगे।

12. तुलनात्मक रूप से कम डीजल औसत देने वाले चालकों से डीजल पम्प पर व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर उन्हें सुधार लाने हेतु पाबंद / प्रेरित करेंगे। इसके पश्चात् भी सुधार नहीं आवे तो प्रशिक्षण हेतु चालक प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर भिजवाया जावे।

13. चालक द्वारा डीजल औसत कम आने से संबंधित दोषों के निवारण तुरंत कराया जावे।

14. सप्ताह में दो दिवस रात्रि पारी में डयूटी देंगे।

15. आगार के अधीन संचालित अनुबंधित वाहनों को डीजल निगम के डीजल पम्प से जारी किया जायेगा। इन वाहनों की डीजल स्लिप स्वयं कनिष्ठ अभियंता (डीजल) बनायेंगे।

टायर शाखा

आगार कार्यशाला में टायर शाखा भी महत्त्वपूर्ण शाखा है। प्रत्यक्ष परिवर्तित लागत का 7 प्रतिशत खर्चा टायरों के मद में आता है। टायर खर्च पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु कनिष्ठ अभियन्ता (टायर) की जिम्मेवारी रहेगी।

(**1**) टायर शाखा प्रभारी के कर्त्तव्य-

(1) आवश्यकतानुसार/संचालित कि.मी. के अनुसार प्रतिमाह आगार के लिये नये टायरों का माँग पत्र महा प्रबंधक (टायर) को भिजवायेंगे। एवं नये टायर- टायर शाखा जयपुर से प्राप्त करेंगे।

(2) आगार के लिये निर्धारित टायर प्लान्ट जयपुर/अजमेर में पुराने टायर रिट्रेडिंग हेतु/नकारा हेतु जमा करायेंगे एवं स्वयं

आगार के रिट्रेड टायर प्राप्त करेंगे।

(3) समय-समय पर नाकार टयूब एवं फलेप्स भी जमा कराये जायें ताकि आगार में अनावश्यक रूप से इकट्ठे न हों।

(4) रिपेयर/नाकारा हेतु व्हील रिमें भी संबंधित केन्द्रीय कार्यशाला में जमा करायें।

(5) यह सुनिश्चित करें कि केसिंग टायर समय पर उतारे जावें।

(6) वाहनों के टायरों में एयर प्रेशर नियमित अन्तराल पर चैक करें एवं टायरों का रोटेशन किया जावे।

(7) यदि यात्रिंक दोष के कारण वाहन टायर खा रही हो तो ऐसे वाहनों को तुरन्त अटेण्ड कराया जावे।

(8) यह सुनिश्चित किया जावे कि लम्बे मार्ग पर जाने वाले वाहनों में आगे नये टायर ही लगाये जावें। छोटे मार्ग पर संचालित वाहनों में आगे पी.सी.आर. रिट्रेड टायर लगाये जा सकते हैं।

(9) वाहनों पर दी जाने वाली स्टेपनी को भी नियमित चैक करा कर सुनिश्चित करें कि टायर हवा सही है एवं पंचर न हो।

(10) यह सुनिश्चित करेंगे कि पर्याप्त मात्रा में नये/रिट्रेड टायर तैयार स्थिति में टायर शाखा में उपलब्ध रहें ताकि टायर बदलने में अनावश्यक रूप से वाहन लेट न हो। कुछ रिपेयर टयूब भी तैयार रखी जावे। नये टायर के साथ नयी टयूब ही लगायी जावे।

(11) चालकों द्वारा लापरवाही से वाहन संचालन कर-टायर क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट तुरन्त प्रबंधक (संचालन) को देंगे ताकि दोषी चालक के विरूद्ध समय पर कार्यवाही की जा सके।

(12) टायर शाखा में कार्यरत सभी टायर फिटरों/कर्मचारियों के कार्य पर पूर्ण नियंत्रण रखेंगे एवं यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा दैनिक रूप से किये गये कार्य का पूर्ण विवरण टायर उतारने के कारण सहित इन्द्राज टायर कन्ट्रोल रजिस्टर में आवश्यक रूप से किया जावे। टायर शाखा प्रभारी इस रजिस्टर का रोजाना अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

(13) समुचित मात्रा में व्हील रिम रेड ऑक्साईड पेन्ट कराकर तैयार रखी जावे, ताकि जब भी टायर बदली करना हो तब रेड ऑक्साईड पेन्ट की हुई व्हील रिम टायर में लगायी जा सके।

(14) टायर प्रभारी सप्ताह में दो बार रात्रि पारी में ड्यूटी देंगे।

(15) टायर शाखा में काम आने वाले एयर कम्प्रेशर, एयर प्रेशर गेज, डायल गेज एवं मैकेनिकल/प्रेशर जैक/टोर्च इत्यादि का सही हालत में रहना सुनिश्चित करें। यदि कोई दोष हो तो तुरंत प्रबंधक (संचालन) से सम्पर्क कर सही करायें।

(**2**) टायर शाखा में रिकार्ड संधारित करने के निर्देश-

टायर शाखा प्रभारी द्वारा निम्न रिकार्ड संधारित किया जायेगा-

1. नये टायरों के साथ प्राप्त टायर हिस्ट्री कार्ड में ही टायर संचालन कि. मी. का इन्द्राज टायर नकारा होने तक संधारित करें। टायर कार्ड का रख-रखाव सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रखा जावे।
2. टायर मास्टर रजिस्टर आवश्यक रूप से पूर्णत: संधारित किया जावे।
3. टायर फ्लोट रजिस्टर संधारित किया जावे।
4. हवा दबाव चैक रजिस्टर संधारित किया जावे।
5. न्यू एवं रिट्रेड टायर आवक/जावक रजिस्टर संधारित किया जावे।
6. टायर डिफेक्ट रजिस्टर संधारित किया जावे।

(**3**) टायर शाखा में काम आने वाले टूल, प्लांट एवं मशीनरी का रख-रखाव-

टायर शाखा का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए शाखा में उपलब्ध सभी टूल्स, प्लांट एवं मशीनरी सही हालत में रहे, इसके लिये निम्न अनुसार रख-रखाव सुनिश्चित किया जावे-

1. एयर कम्प्रेशर का सामयिक रख-रखाव सुनिशि्तच किया जावे।
2. एयर कम्प्रेशर को समय-समय पर ड्रेन किया जावे।
3. एयर कम्प्रेशर में तकनीकी खराबी आने पर तुरंत प्रबंधक (संचालन) से सम्पर्क कर रिपेयर कराया जावे।
4. वाल टाइप डायल गेज एवं टायर इन्फ्लेटर गेज सही हालत में रहे। खराब होने पर शीघ्र रिपेयर या बदली किये जावें।
5. टयूब वल्केनाइजिंग मशीन चालू स्थिति में रखी जावे।
6. मैकेनिकल जैक, हाइड्रोलिक जैक एवं ट्रोली जैक सही तरह कार्य करे, सुनिश्चित करें।
7. व्हील नट खोलने एवं कसने में नट रनर का उपयोग करें तथा इसका सही स्थिति में कार्य करना सुनिश्चित करें।
8. व्हील एलाईमेन्ट गेज को सही स्थिति में रखने के लिए निर्धारित जगह एवं सही हालत में रखें।

पारी प्रभारी / ग्रुप प्रभारी के कर्त्तव्य

सभी पारी प्रभारी/ग्रुप प्रभारी निर्धारित ड्यूटी समय पर कार्यशाला में उपस्थित होंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक वाहन बिना किसी दोष के निर्धारित शिडयूल टाईम पर कार्यशाला से प्रस्थान करेगी।

इनके द्वारा निम्न कार्य सम्पादित करने की जिम्मेवारी होगी-

1. अपनी पारी के अधीन कार्यरत यांत्रिक कर्मचारियों पर पूर्ण नियंत्रण रखेंगे एवं सुनिश्चित करें कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय पर ड्यूटी पर उपस्थित होकर अना कार्य समय पर पूर्ण करें।

2. चालक द्वारा अंकित वाहन डिफेक्ट का निवारण करेंगे एवं की गयी कार्यवाही का पूर्ण विवरण कार्यवाही रजिस्टर में अंकित कर अपने हस्ताक्षर करेंगे।

3. दैनिक रूप से किये जाने वाले कार्य एवं 2,000/- 16,000/- 18,000 कि.मी. शिडयूल मेन्टीनेन्स के लिये सभी कार्य कराने की जिम्मेदारी होगी।

4. अपने ड्यूटी समय में वाहनों में कराये गये काम का पूर्ण विवरण, काम करने वाले यांत्रिक के नाम सहित कार्यवाही रजिस्टर में इन्द्राज करेंगे। यदि किसी वाहन में कोई कार्य बकाया रह गया हो तो उसका उल्लेख करना आवश्यक होगा, विवरण पर पारी प्रभारी अपने हस्ताक्षर करेंगे।

5. आगार कार्यशाला में कोई वाहन धक्का स्टार्ट संचालित नहीं की जावे तथ बैट्री रख-रखाव स्तर सही हो एवं उनमें डिस्टिल वाटर का उपयोग हो, सुनिश्तिच करेंगे।

6. किसी भी धक्का स्टार्ट वाहन को दूसरी वाहन से धक्का लगाकर स्टार्ट नहीं की जावे। इसके निराकरण हेतु ट्रॉली बैट्री का उपयोग किया जावे।

7. अपनी पारी के दौरान मार्ग से ब्रेक डाउन की सूचना प्राप्त होने पर उसे शीघ्र अटैण्ड कराने की व्यवस्था भी पारी प्रभारी करेंगे। अपने आगार क्षेत्र में बाहर के आगार की ब्रेक डाउन वाहनों को भी अटैण्ड करायेंगे।

8. अपनी पारी के दौरान आगार कार्यशाला में यदि कोई वाहन दुर्घटना की सूचना प्राप्त होती है तो तुरंत प्रबंधक (संचालन) को अवगत कराकर उनके निर्देशानुसार कार्यवाही करेंगे।

9. वाहनों के मेन्टीनेन्स/रिपेयर के दौरान यांत्रिकों द्वारा नये कलपुर्जों की माँग की जाती है तो पारी प्रभारी सुनिश्चित करेंगे कि पुराना सामान वास्तव में बदलने योग्य है। यदि कोई कलपुर्जा रिपेयर कराया जा सकता हो तो रिपेयर कराकर काम में लिया जावे। नये सामान जारी कराने की इंडेन्ट बुक भण्डार में नहीं रखी जावे एवं पारी प्रभारी इन्डेन्ट बुक को अपने नियंत्रण में रखते हुए स्वयं ही इन्डेन्ट बनाकर अपने हस्ताक्षर करेंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि जारी नया सामान वाहन में फिट हो गया है एवं पुराना सामान भण्डार में जमा करा दिया गया है।

10. टायर एवं डीजल शाखा प्रभारी द्वारा बताये गये वाहन यांत्रिक दोष का निवारण भी पारी प्रभारी करायेंगे।

11. वाहन का कार्य कराने के बाद मार्ग पर भेजने के लिए चालक लॉगशीट पर अपने हस्ताक्षर कर यह प्रमाणित करेंगे कि वाहन मार्ग पर जाने योग्य है। यदि कोई वाहन रोटेशन के बीच में कार्यशाला में किसी कार्य से आती है तो उसे प्राथमिकता से अटैण्ड कराकर मार्ग पर भेजेंगे।

12. पारी प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि वाहन में झाड़े लगी हो तथा धुली हुई हो।

13. 2000 कि.मी. मेन्टीनेन्स पर वाहन के नीचे चैसिस धुलाई एवं सभी शीशों की सफाई कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

14. पारी प्रभारी अपनी पारी में प्रस्थान होने वाली वाहनों को यांत्रिक ग्रुप में विभाजित करेंगे, ताकि मार्ग में यांत्रिक दोष के कारण ब्रेक डाउन वाहन की जिम्मेवारी निर्धारित हो सके।

(**1**) प्रबंधक (संचालन) के कर्त्तव्य

प्रबंधक (संचालन) प्रतिदिनि प्रात: कार्यशाला का निरीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे कि कार्यशाला के अधीन सभी शाखाओं का कार्य सुचारू एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पादित किया जावे। इनके अधीन निम्न कार्य संपादित होंगे-

1. चालक ड्यूटी चार्ट पर पूर्ण नियंत्रण रखेंगे तथा चालकों के नाम वाहन एवं मार्ग निर्धारित करेंगे एवं निर्धारित चालक का नाम पेन्ट से चालक फाटक पर लिखवायेंगे।

2. लम्बे मार्ग पर संचालित वाहनों पर ड्यूटी ऐसे चालकों की निर्धारित करेंगे, जो नियमित सेवा में कार्यरत हो एवं 05 वर्षों का रिकार्ड दुर्घटना रहित हो तथा उनका चाल-चलन अच्छा हो।

3. वाहनों का 40,000 कि.मी. शिडयूल मेन्टीनेन्स कार्य प्रबंधक (संचालन) स्वयं अपनी निगरानी में निर्देशानुसार पूर्ण कार्य करायेंगे एवं वाहन ऑन टैस्ट करने के बाद ही मार्ग पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।

4. भण्डार से जारी ए व बी क्लास आईटम स्टॉक की प्रबंधक (संचालन) दैनिक समीक्षा करेंगे एवं आवश्यक होने पर ही नये कलपुर्जों को वाहन में लगाया जावे। यह भी देखेंगे कि ऐसे नये पार्टस जो पिछले 6 माह से काम में नहीं आ रहे हैं, उन्हें केन्द्रीय भण्डार में जमा करा दिये जावें।

5. आगार में स्प्रिंग लीफ का खर्चा अधिक होता है, इस पर नियमित समीक्षा कर सुधार करेंगे।

6. दैनिक निरस्तीकरण, देरी से प्रस्थान, एवोइडेबल यंत्र दोष इत्यादि की नियमित समीक्षा करेंगे एवं सम्बन्धित दोषी चालक व पारी प्रभारी की जिम्मेदारी तय कर नियमित कार्यवाही करेंगे।

7. वाहनों के फिटनैस व चालक लाइसेन्स नवीनीकरण, केन्द्रीय कार्यशाला में आर.सी. हित जमा कराये जाने वाली वाहन इत्यादि की योजना माह के अंतिम सप्ताह तैयार कर सूचीबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

8. आर.सी. हित केन्द्रीय कार्यशाला में जमा वाहन को आगार बेड़े में ही सम्मिलित रखेंगे।

9. नार्मस पूर्ण कर चुकी नकारा हित वाहनों की बॉडी एवं चेसिस का स्वयं निरीक्षण करेंगे एवं इसके पश्चात् ही संबंधित महा प्रबंधक (संचालन) को नकारा करने हित प्रस्ताव प्रेषित करेंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि नकारा हित आदेश हो जाने

के 15 दिन अन्दर-अन्दर सम्बन्धित केन्द्रीय कार्यशाला में जमा करा देंगे एवं इसके पश्चात् ही वाहन को आगार बेड़े से निकालेंगे।

10. प्रतिमाह में अंतिम सप्ताह में विशेष कर केन्द्रीय कार्यशाला में भेजी जाने वाली वाहनें इत्यादि की सूची तैयार कर मुख्य प्रबंधक/प्रबंधक (संचालन), प्रबंधक (लेखा) से विचार-विमर्श कर वाहनों की आर. सी. सरेण्डर कराकर पथकर बचाने की योजना बनायेंगे।

11. मेजर दुर्घटना वाहनों को रिपेयर हित तुरंत सम्बन्धित केन्द्रीय कार्यशालाओं में भिजवायेंगे, ताकि शीघ्र रिपेयर का आगार को उपलब्ध करायी जा सके। आगार स्तर पर माईनर दुर्घटना ही रिपेयर करायेंगे।

12. डीजल शाखा प्रभारी द्वारा कम डीजल औसत देने वाले चालकों की शिकायत के सम्बन्ध में शीघ्र समरी ट्रायल कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। लगतार कम औसत देने वाले चालकों को प्रशिक्षण हित ट्रेनिंग स्कूल भेजेंगे एवं साथ ही प्राणघातक दुर्घटना करने वाले चालकों को तुरंत ट्रेनिंग स्कूल भेजेंगे।

13. चालकों द्वारा वाहन संचालन में लापरवाही बरतने के कारण नये टायरों में कट, कम कि.मी. पर टायर स्क्रेप करने इत्यादि के बारे में कर्मचारियों के काम में लापरवाही बरतने के बारे में टायर शाखा प्रभारी के द्वारा प्रेषित शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही करेंगे।

14. सप्ताह में दो बार रात्रि पारी में भी कार्यशाला का निरीक्षण करेंगे।

15. मुख्यालय से समय-समय पर जारी सभी आदेशों की पालना कर दी गयी है, यह सुनिश्चित करेंगे।

16. आगार में कार्यरत मैन पॉवर का वर्गीकरण एवं उनका उपयोग समुचित तरीके से हो रहा है, सुनिश्चित करेंगे। कार्यशाला मासिक ड्यूटी चार्ट अगले माह के लिये पूर्व माह के अंतिम सप्ताह में नोटिस बोर्ड पर लगायेंगे।

17. यह भी सुनिश्चित करेंगे कि जॉब बेसिस पर आवंटित बजट का उपयोग सही दिशा में किया जा रहा है।

18. सुनिश्चित करेंगे कि स्पेयर पार्टस का स्थानीय क्रय उचित दर एवं अच्छी गुणवत्ता का किया जा रहा है एवं यह भी ध्यान रखेंगे कि आवंटित बजट से अधिक क्रय नहीं किया जावे।

19. नकारा सामान बैट्री, पुराने कमानी के पत्ते, स्पेयर पार्टस, एम. एस. स्क्रेप, एल्यूमिनियम स्क्रेप एवं जला हुआ तेल आदि का भण्डारण/रख-रखाव सुव्यवस्थित तरीके से रखेंगे एवं समय-समय पर केन्द्रीय कार्यशाला में जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

20. आगार में संचालित अनुबंधित वाहनों को निगम के स्थापित डीजल पम्प से डीजल दिया जायेगा। इस बाबत प्रबंधक (संचालन) स्वयं मोनीटरिंग संधारित करेंगे।

21. प्रतिमाह वाहन वाईज इतिहास पुस्तिका में संचालन परिणाम संधारित करायेंगे।

22. मुख्यालय/महा प्रबंधक (संचालन) द्वारा दिये गये तकनीकी पैरामीटर्स के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रोत्साहन स्कीम के तहत लाभान्वित हो सके।

23. माह में सर्वाधिक डीजल औसत देने वाले चालक को प्रोत्साहन स्कीम के तहत 500/- रुपये दिलाने की कार्यवाही करेंगे।

(**2**) प्रबंधक (संचालन) की प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियाँ

प्रबंधक (संचालन) को अपने कर्त्तव्य सुचारू रूप से सम्पन्न करने हेतु निम्नलिखित प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियाँ निगम द्वारा प्रदत्त की गयी हैं-

प्रशासनिक शक्तियाँ

1. अपने अधीन कार्यरत सभी चालक एवं यांत्रिक कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश, एक माह तक की उपार्जित अवकाश एवं मेडिकल अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार।

2. अपने अधीन कार्यरत सभी चालक/यांत्रिक कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत निलम्बित करने का अधिकार।

3. सुरक्षा शाखा के अधीन कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों एवं मुख्य सुरक्षा प्रहरी के आकस्मिक अवकाश स्वीकृति अधिकार।

4. पीक सीजन के दौरान चालकों की कमी पूर्ति हेतु 100 शिडयूल से अधिक के लिए 15 चालक एवं 100 शिडयूल से नीचे के लिए 10 चालक अनुबन्ध पर रखने का अधिकार।

5. आगार स्तर पर स्थापित विभिन्न कमेटियों में प्रतिनिधित्व का अधिकार।

वित्तीय शक्तियाँ-

1. प्रतिमाह 5,000/-रूपये की राशि व्यय करने की वित्तीय शक्ति प्रदान की गयी है। इस राशि का आपातकालीन स्थिति में कलपुर्जे क्रय करने एवं दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन से अटैण्ड करने में उपयोग किया जायेगा।

(**3**) आगार कार्यशाला में आवश्यक टूल प्लांट एवं मशीनरी की सूची

1. एयर कम्प्रेशर
2. टायर इन्फ्लेटर गेज एवं वाल टाईप डायल गेज
3. कार वाशर
4. ट्रॉली जैक्स
5. व्हील एलाइमेन्ट गेज
6. न्यू मैटिक ग्रीस गन
7. बकेट टाईप ग्रीस गन
8. नट रनर सैट
9. गियर ऑयल पम्प
10. बैंच ग्राइन्डर
11. 1/2” विद्युत ड्रिल मशीन
12. 1/4” पोर्टेबल ड्रिल मशीन
13. बैट्री सैल टैस्टर
14. हाइड्रोमीटर
15. बैट्री चार्जर
16. इंजेक्टर टैस्टर मशीन
17. बैन्च वाईस
18. स्प्रिंग केम्बरिंग मशीन
19. सिलाई मशीन
20. टेप एवं डाई सैटस
21. ब्लो लैम्पस
22. एनविल
23. सेवेज ब्लॉक

24. इलेक्ट्रिकल ब्लोवर

25. टयूब वेल्केनाईजर मशीन

26. मास्टर पुलर सैट

27. बॉक्स स्पेनर सैट

28. गैस वेल्डिंग सैट एवं असेम्बली

29. स्मोक टैस्ट मशीन

आगार कार्यशाला भण्डार प्रभारी के कर्त्तव्य

1. आगार कार्यशाला में आवश्यक कलपुर्जों एवं अन्य सामान का माँग पत्र निर्धारित प्रोफार्मा में स्वयं तैयार करके स्वयं के हस्ताक्षर कर प्रबंधक (संचालन) के भी हस्ताक्षर कराकर महा प्रबंधक (भण्डार) को निर्धारित समय पर भिजवाना सुनिश्तिच करेंगे।

2. केन्द्रीय भण्डार के द्वारा जारी निर्धारित शिडयूल के अनुसार भण्डार का सामान लाने/मंगवाने की व्यवस्था करेंगे। यह ध्यान रखा जावे कि प्रथम टर्न पर सामान लाने के लिये भण्डार प्रभारी स्वयं जायेंगे एवं द्वितीय टर्न पर भी भण्डार में पदस्थापित कर्मचारी को ही भेजेंगे।

3. कार्यशाला भण्डार से सामान तभी जारी किया जावे जब माँगपत्र संबंधित पारी प्रभारी/ग्रुप प्रभारी के हस्ताक्षर प्रमाणित हों। कीमती सामान जारी करने से पूर्व माँगपत्र पर प्रबंधक(संचालन) के हस्ताक्षर प्रमाणित होंगे।

4. बियरिंग एवं अन्य मँहगा सामान भण्डार में उपलबध अलमारी में ताला चाबी के साथ रखा जावे। अन्य सामान का रख-रखाव भी सही ढंग से किया जावे।

5. भण्डार से जारी किये गये सामान का इन्द्राज बिन कार्ड/लेजर में नियमित रूप से किया जावे।

6. आगार के लिये आवश्यक ऑयल एवं लुब्रीकेन्टस के माँगपत्र निर्धारित समय पर संबंधित नोडल अधिकारी/केन्द्रीय कार्यशाला को भिजवाकर मँगवाया जाना सुनिश्चित करें।

7. आर.सी. सामान/असेम्बलीज का माहवारी माँगपत्र केन्द्रीय कार्यशाला को भिजवायेंगे। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि ओल्ड असेम्बलीज अनावश्यक इकट्ठी नहीं करें एवं केन्द्रीय कार्यशाला में जमा कराने की व्यवस्था करें।

8. जो नया सामान 6 माह तक काम में नहीं आया हो, उसकी सूची तैयार कर केन्द्रीय भण्डार, जयपुर में जमा कराया जाना सुनिश्तिच करें।

9. नये सामान की स्थानीय खरीद/आऊट साईड रिपेयर के लिये दर अनुबंध/टैण्डर आदि की कार्यवाही सम्पादित करवायेंगे। भण्डार के सामान की स्थानीय खरीद करते समय सामान की गुणवत्ता, सही दर पर खरीद नीति के अनुसार क्रय करने का ध्यान रखेंगे।

10. जले हुए ऑयल का सही रख-रखाव रखा जावे तथा समय-समय पर केन्द्रीय कार्यशाला/नोडल पाइंट पर जमा कराया जाना सुनिश्तिच करेंगे।

11. कार्यशाला की तीनों पारियों में भण्डार कर्मचारियों की ड्यूटी सही प्रकार से लगाई जावे।

समय पालक शाखा के कर्त्तव्य

1. प्रबंधक (संचालन) के निर्देशन पर मुख्य समय पालक दैनिक चालक ड्यूटी चार्ट बनाकर सायंकाल 5.00 बजे तक समय पालक शाखा में नोटिस बोर्ड पर लगाया जाना सुनिश्चित करेंगे। चालक ड्यूटी चार्ट पर मुख्य समय चालक एवं प्रबंधक (संचालन) अपने हस्ताक्षर करेंगे।

2. समय पालक शाखा में कार्यरत सभी समय पालक, मुख्य समय पालक के अधीन कार्य करेंगे। ड्यूटी समय पालक, चालक को लॉगशीट जारी करते समय चालक ड्यूटी रजिस्टर में इन्द्राज करेंगे तथा मार्ग से वाहन वापिस आने पर भी चालक की मूल लॉगशीट प्राप्त कर जमा कराने का विवरण भी रजिस्टर मे ंअंकित करेंगे।

3. यदि कोई चालक वाहन लॉगशीट वापिस जमा नहीं कराता है तो उसकी रिपोर्ट मुख्य समय पालक प्रबंधक (संचालन) को देंगे।

4. चालक ड्यूटी पर अनुपस्थित होने व लेट आने की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रबंधक (संचालन) को देंगे।

5. ड्यूटी चालक के अनुपस्थित होने की स्थिति में मुख्य समय पालक/समय पालक अन्य स्पेयर चालक की व्यवस्था कर वाहन मार्ग पर निर्धारित समय पर भेजा जाना सुनिश्चित करेंगे।

6. वाहनों के डिफेक्ट बुक में चालक द्वारा लिखे गये डिफेक्ट की एक प्रति पारी प्रभारी को देकर कार्यालय प्रति पर हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे।

7. मार्ग से वाहन ब्रेक डाउन/दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही समय पालक, पारी प्रभारी, प्रबंधक (संचालन) से सम्पर्क कर अविलम्ब वालन को अटैण्ड करायेंगे।

8. मुख्य समय पालक चालकों का लाईसेन्स रिन्यूवल रजिस्टर संधारित करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि चालक को लाईसेन्स अवधि वैद्य होने पर ही लॉगशीट दी जावे।

9. मुख्य समय पालक सुनिश्चित करेंगे कि अन्तर्राज्यीय व लम्बे मार्ग पर अनुभवी चालकों को ही भेजा जावे।

10. मुख्य समय पालक ड्यूटी चार्ट बनाते समय ध्यान रखेंगे कि चालकों की वाहन एवं मार्ग फिक्स रहे। अनावश्यक रूप से चालकों की वाहन नहीं बदली जावे।

11. मुख्य समय पालक नियमित रूप से ड्यूटी चार्ट एवं लॉगशीट के आधार पर चालक उपस्थिति पंजिका का संधारण करेंगे एवं इनका हर माह निर्धारित समय पर अनुपस्थिति विवरण प्रबंधक (संचालन) के हस्ताक्षर से भुगतान हित मुख्य प्रबंधक कार्यालय को भिजवायेंगे।

12. रात्रि विश्राम एवं अश्रिम भत्ते का चालक वाईज माहवार विवरण तैयार करेंगे।

13. कम डीजल औसत देने वाले चालकों एवं प्राणघातक दुर्घटना करने वाले चालकों को प्रबंधक (संचालन) के निर्देशानुसार प्रशिक्षण हेतु नियमित रूप से भिजवायेंगे।

14. 50 वर्ष से अधिक आयु के चालकों व मेडिकल परीक्षण कराया जाकर रिकार्ड संधारित करेंगे।

15. मुख्य समय पालक/ड्यूटी समय पालक यह सुनिश्चित करेंगे कि चालक वाहन प्रस्थान समय से 30 मिनट पूर्व निर्धारित वर्दी, लाईसेन्स, बैज सहित समय पालक शाखा में उपस्थित हो ताकि अपनी वाहन का अच्छी तरह निरीक्षण कर सके।

16. मुख्य समय पालक यह सुनिश्चित करेंगे कि पूरे दिन संचालन में रहे चालकों को रात्रि वाहन में ड्यूटी पर नहीं भेजेंगे।

17. चालकों को साप्ताहिक विश्राम समय पर दिये जायें एवं निर्धारित क्रू चेन्ज आवश्यक रूप से किया जावे, ताकि अनावश्यक अधिश्रम भत्ता नहीं देना पड़े।

आगार कार्यशाला सुरक्षा शाखा के कर्त्तव्य

1. मुख्य सुरक्षा प्रहरी अपने अधीनस्थ सुरक्षा प्रहरियों की प्रत्येक पारी में ड्यूटी लगाकर उनके कार्य पर पूण्र नियंत्रण रखेंगे।

2. सुरक्षा प्रहरी अपनी ड्यूटी के दौरान यह सुनिश्चित करेंगे कि आगार कार्यशाला से कोई भी वाहन एवं अन्य सामान बिना वाहन लॉग पत्र/गेट पास बाहर नहीं जायेंगे।

3. कार्यशाला से बाहर एवं मार्ग पर जाने वाली वाहनों के लॉग पत्र पर समय पालक/पारी प्रभारी के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से होंगे।

   इसी प्रकार अन्य स्टोर सामान आदि के गेट पास पर भण्डार निरीक्षक, पारी प्रभारी/प्रबंधक (संचालन) के हस्ताक्षर आवश्यक हों।

4. केन्द्रीय भण्डार/केन्द्रीय कार्यशाला/स्थानीय बाजार से प्राप्त होने वाले सामान का इन्द्राज सम्बन्धित रजिस्टर में संधारित करेंगे।

5. वाहन मार्ग पर जाते समय वाहन के साथ मौजूद स्टेपनी चालक टूल, व सीटें आदि का वाहन के मार्ग से वापिस जमा होते समय भी मौजूद होना सुनिश्चित करेंगे। यदि कमी पायी जावे तो शीघ्र प्रबंधक (संचालन) को रिपोर्ट देंगे।

6. तेल कम्पनी से प्राप्त डीजल टैंक लॉरी की सभी सीलें सही हालत में होना सुनिश्चित करेंगे एवं कार्यशाला से वापिस जाते समय भी चैक कर यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी कम्पार्टमेन्ट पूरी तरह खाली कर लिये गये हैं।

7. केन्द्रीय भण्डार/केन्द्रीय कार्यशाला में भेजे जाने वाले ट्रक में भेजे जाने वाले सामान का चालान से सत्यापन कर ट्रक को सील किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

8. कार्यशाला ड्यूटी कर्मचारी, नियंत्रण अधिकारी की बिना अनुमति के कार्यशाला से बाहर नहीं जायेंगे एवं कोई बाहरी व्यक्ति एवं वाहन बिना प्रबंधक (संचालन) / पारी प्रभारी की अनुमति के कार्यशाला के अन्दर प्रवेश नहीं करेंगे। इस बाबत मेन गेट पर विजिटर रजिस्टर संधारित किया जावेगा।

9. यदि कोई वाहन मार्ग से क्षतिग्रस्त होकर आयेगी तो उसकी पूर्ण रिपोर्ट तत्काल प्रबंधक (संचालन) को देंगे।

10. कार्यशाला के भीतर आकस्मिक दुर्घटना होने, आग लगने, सामान चोरी हो जाने की स्थिति में तुरन्त प्रबंधक (संचालन) को सूचित करेंगे।

11. प्रतिदिन प्रातः ड्यूटी पर आते ही मुख्य सुरक्षा प्रहरी कार्यशाला चार दीवारी का भीतर व बाहर से निरीक्षण करेंगे, यदि कोई अनियमितता हो तो प्रबंधक (संचालन) को तुरन्त रिपोर्ट देंगे।

12. कार्यशाला पारी समाप्ति पर जब कार्यशाला कर्मचारी घर जा रहें हो तो उनकी एवं उनके वाहन की तलाशी लेंगे एवं यदि कोई निगम का सामान पाया जावे तो उसकी रिपोर्ट प्रबंधक (संचालन) को देंगे।

13. मुख्य सुरक्षा प्रहरी अपने अधीन कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों एवं स्वयं के आकस्मिक अवकाश प्रबंधक (संचालन) से स्वीकृत करायेंगे। एवं उपार्जित अवकाश/मेडीकल अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र द्वारा प्रबंधक (संचालन) से अग्रेषित करा कर मुख्यालय सुरक्षा एवं सतर्कता शाखा में भिजवायेंगे।

14. कार्यशाला मेन गेट एवं चार दीवारी पर लाईट व्यवस्था सुचारू रूप से होना सुनिश्चित करेंगे एवं कमी पाये जाने पर प्रबंधक (संचालन) की रिपोर्ट कर सही करवायेंगे।

15. मार्ग पर जाने वाली वाहनों का निर्धारित डेस्टीनेशन बोर्ड लगा हुआ हो एवं वापिस भी जमा हो जावे।

16. मुख्य सुरक्षा प्रहरी सुनिश्चित करेंगे कि कार्यशाला मेन गेट पर संधारित किये जाने वाले निम्न रजिस्टर पूर्ण रूप से नियमित मेन्टेन करेंगे।

1. वाहन आवक/जावक पंजिका
2. भण्डार केन्द्रीय कार्यशाला से सामान प्राप्ति पंजिका
3. आगार द्वारा स्थानीय खरीद पंजिका
4. आगार से बाहर जाने वाले सामान की पंजिका
5. तेल कम्पनी से प्राप्त डीजल टैंकर विवरण पंजिका
6. चालक टूल रजिस्टर
7. चाबी पंजिका
8. आउट साइड रिपेयर पंजिका
9. यंत्रदोष पंजिका
10. सुरक्षा प्रहरी ड्यूटी रजिस्टर

आगार कार्यशाला मासिक प्रबंधकीय सूचना प्रणाली

प्रबंधक (संचालन) सुनिश्चित करें कि प्रतिमाह मुख्यालय को प्रेषित प्रबंधकीय सूचनायें निम्नानुसार प्रारूप में पूर्ण रूप से अंकित कर भेजेंगे।

(**1**) वाहन स्थिति-

क्र. सं.	विवरण	संख्या
1.	निर्धारित शिड्यूलों की संख्या (समय सारणी के अनुसार)	
2.	वाहनों की आवश्यकता (स्पेर सहित) (अ) 100 शिड्यूल से कम पर 4 प्रतिशत (ब) 100 शिड्यूल से अधिक पर 5 प्रतिशत (स) नगर वाहन सेवा आगारों के लिए 6 प्रतिशत	
3.	माह के प्रथम दिवस में निगम वाहनों की संख्या	

4. माह में प्राप्त वाहनों की संख्या

(अ) मुख्यालय से प्राप्त नई वाहनों की संख्या

(ब) अन्य जगह से प्राप्त वाहनों के नम्बर

5. माह के अंतिम तिथि को निगम वाहनों की संख्या

6. निगम बेड़े की औसत आयु वर्षों में

7. आगार में उपलब्ध ट्रक संख्या

(**2**) मॉडलवार वाहन स्थिति-

क्र. सं.	मॉडल वर्ष	वाहनों की संख्या

(**3**) बेड़ा उपयोगिता-

1. संचालित वाहन दिवस-

(अ) संचालित शिड्यूलों के आधार पर संचालित वाहन दिवस

(ब) अतिरिक्त संचालित वाहन दिवस

2. स्पेयर वाहन दिवस-

(अ) यातायात के लिए

(ब) मौसमी ले ऑफ

(स) अन्य ले ऑफ

(द) योग

3. ऑफ रोड वाहन दिवस-

(अ) नकारा हेतु प्रस्तावित वाहनों के दिवस

(ब) बड़ी मरम्मत में खड़ी वाहनों के दिवस

(स) छोटी मरम्मत में खड़ी वाहनों के दिवस

(द) स्पेयर पार्टस के अभाव में खड़ी वाहनों के दिवस

(य) पुलिस नियंत्रण तथा कोर्ट ड्यूटी में खड़ी वाहनों के दिवस

(र) अन्य (कारणों सहित)

(ल) योग

बेड़ा उपयोगिता का प्रतिशत

(4) मासिक यन्त्र दोष विवरण

पार्ट (अ)

क्र. सं.	यन्त्र दोष के कारण श्रेणीवार									दर		यंत्रदोष से कि.मी.	विशेष विवरण
	पावर	कूलिंग	ईंधन	ट्रांसमिशन	ब्रेक	टायर	सस्पेंशन	अन्य	कुल योग	प्रति 10,000 किमी. पर	प्रति संचालन वाहन पर	निरस्त	

पार्ट (ब)

यन्त्र दोष विश्लेषण

क्र. सं.	कारण	विवरण	क्र. सं.	कारण	विवरण
1.	एक ही वाहन एक ही कारण से कितनी बार ब्रेक डाउन हुई मय वाहन		3.	एक ही चालक द्वारा एक माह में ब्रेक डाउन संख्या मय चालक के नाम सहित	
2.	एक ही वाहन एक ही स्थान पर कितनी बार ब्रेकडाउन हुई मय वाहन		4.	एक ही वाहन विभिन्न कारणों से कितनी बार ब्रेक डाउन हुई।	

(5) दुर्घटना विवरण पत्र

पार्ट (अ)

क्र. सं.	वाहन संख्या	दुर्घटनाग्रस्त वाहन का विवरण			चालक का नाम	दुर्घटना की किस्म प्राणघातक/बड़ी/ साधारण	दुर्घटना में मृतकों की संख्या	दुर्घटना में घायलों की संख्या	वाहन की क्षति से निगम को हानि रु. में	पुलिस हिरासत में वाहन खड़े रहने के दिवस	जाँच सं.या.अ. द्वारा कब की गई	दुर्घटना दर प्रति 1 लाख कि.मी.
		दिनांक	समय	स्थान								

पार्ट (ब)

क्र. सं.	वाहन संख्या		दुर्घटनास्थल पर जाने वाले अधिकारी का नाम, पद व कार्यरत स्थान	तकनीकी अनुसंधान रिपोर्ट का विवरण	न्यायालय में रिपोर्ट भेजने की दिनांक एवं क्रमांक	चालक का मेडिकल जाँच व दृष्टि जाँच की दिनांक	दुर्घटना में लिप्त चालकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही
	निगम	अनुबंधित					

निर्देश–

1. निगम वाहनों एवं अनुबंधित वाहनों द्वारा दुर्घटना होने पर निश्चित कॉलमों में सूचना भेजें।
2. प्राणघातक दुर्घटना में व्यक्तियों का मरना है (एक या अधिक)
3. बड़ी दुर्घटना का अर्थ है निगम वाहनों को 10,000/– रु. से अधिक की क्षति, व्यक्तियों का गंभीर रूप से घायल होना।
4. साधारण दुर्घटना का अर्थ है, निगम वाहनों को 10,000/–रु. से कम की क्षति होना।

(6) सामयिक डॉकिंग की गयी वाहनों का विवरण

1. 40,000 किलोमीटर पर (मेजर डॉकिंग)

क्र. सं.	वाहन संख्या	तय किये गये कि.मी.	किये गये कार्य का विवरण

2. ऐसी वाहनों का विवरण जिनका मेजर डॉकिंग किया जाना था, लेकिन नहीं हो सका

क्र. सं.	वाहन संख्या	तय किये गये कि.मी.	कारण

(7) निरस्त कि. मी. का विवरण

क्र. सं.	मद	विवरण
1.	परिचालकों के कारण	
2.	चालकों के कारण	
3.	यातायात के कारण	
4.	कम आय प्रति कि.मी. के कारण	
5.	परमिट प्राप्त न होने के कारण	
6.	वाहनों की कमी के कारण	
7.	यंत्र दोष के कारण	
8.	यंत्र दोष के कारण	
9.	दुर्घटना के कारण	
10.	अन्य कारण	
	योग	

(**8**) अनायिक कि.मी. का विवरण

क्र. सं.	मद	विवरण
1.	कार्यशाला से बल स्टैंड के मध्य दूरी के कारण	
2.	अन्य आगारों/पम्पों से डीजल लेने हेतु	
3.	वाहन टेस्टिंग के कारण	
4.	केन्द्रीय भण्डार/केन्द्रीय कार्यशालाओं से नया/आर.सी. असेम्बलीज/सामान प्राप्त करने के कारण ट्रक द्वारा संचालित किये गये कि. मी.	
5.	योग	

(**9**) डीजल खाते से सम्बन्धित विवरण

पार्ट (अ)

डीजल की वास्तविक खपत-

क्र. सं.	विवरण	मात्रा (लीटर में)
1.	स्वयं की आगार वाहनों द्वारा खपत	
2.	अन्य आगारों की वाहनों को दिया गया डीजल	
3.	अन्य राज्यों की वाहनों को दिया गया डीजल	
4.	अन्य आगारों से लिया गया डीजल	
5.	अन्य राज्यों से लिया गया डीजल	
6.	स्थानीय क्रय/मार्ग में क्रय किये गये डीजल की मात्रा	
7.	कार्यशाला प्रयोग में लिये गये डीजल की मात्रा	
8.	ट्रक/कार/जीप में लिये गये डीजल की मात्रा	
	प्रति लीटर डीजल का मूल्य (रुपयों में)	

पार्ट (ब)

अन्य आगारों से प्राप्त डीजल का विवरण-

क्र. सं.	आगार का नाम	लिये गये डीजल की मात्रा

पार्ट (स)

अन्य आगारों को दिये गये डीजल का विवरण-

क्र. सं.	आगार का नाम	दिये गये डीजल की मात्रा

(**10**) वाहनों के इंजिन एवं बॉडी की बनावट के अनुसार डीजल खपत का विवरण

क्र. सं.	इंजन बॉडी की बनावट	वाहनों की संख्या	तय किये गये किमी	डीजल खपत की मात्रा	डीजल औसत
1.	लीलैण्ड वाहन-				
	(अ) यूरो 0				
	(ब) यूरो I				
	(स) यूरो II				
	(द) योग				
2.	टाटा वाहन -				
	(अ) 697				
	(ब) टी.सी. यूरो I				
	(स) टी.सी. यूरो II				
	(द) योग				

(11) तेल खाते से सम्बन्धित विवरण (इंजिन ऑयल)

पार्ट (अ)

क्र. सं.	विवरण	मात्रा (लीटर में)
1.	स्टॉक का प्रारंभिक शेष	
2.	इण्डियन ऑयल एवं दूसरी कम्पनियों से प्राप्तियाँ	
3.	स्टॉक का अन्तिम शेष	
4.	कुल तेल खपत	
5.	अन्य आगारों को दिये गये तेल की मात्रा	
6.	अन्य आगारों से प्राप्त किये गये तेल की मात्रा	
7.	मेला संचालन हेतु अन्य आगारों से प्राप्त वाहनों की स्थानान्तरित मात्रा	
8.	मेला संचालन हेतु अन्य आगारों की प्राप्त वाहनों की स्थानान्तरित मात्रा	
9.	अन्य राज्यों को दिये गये तेल की मात्रा	
10.	अन्य राज्यों से लिये गये तेल की मात्रा	
11.	स्थानीय क्रय/मार्ग क्रय की मात्रा	
12.	टोप अप में इंजिन तेल की खपत की मात्रा	
13.	चेन्ज में इंजिन तेल की खपत की मात्रा	
14.	एफ.आई.पम्प एवं अन्य में इंजिन तेल खपत की मात्रा	
15.	इंजिन तेल का प्रति लीटर मूल्य	

पार्ट (ब)

अन्य आगारों से प्राप्त एवं दिये गये इंजन तेल की मात्रा का विवरण-

आगारों से प्राप्त किये गये इंजन तेल की मात्रा			अन्य आगारों को दिये गये इंजन तेल की मात्रा		
क्र. सं.	आगार	मात्रा (लीटर)	क्र. सं.	आगार	मात्रा (लीटर में)

(**12**) वाहन वाईज डीजल औसत विवरण-

क्र. सं.	वाहन सं.	तय किमी.	कुल डीजल खपत (लीटर में)	कुल ऑयल खपत (लीटर में)	इंजन ऑयल टॉपअप	किमी. प्रति लीटर डीजल औसत	ऑयल टॉपअल औसत

(**13**) चालक वाईज डीजल औसत विवरण

क्र. सं.	चालक का नाम	निर्धारित वाहन सं.	मार्ग का नाम	डीजल औसत

(14) मासिक आगार रिर्टन विवरण

क्र. सं.	वाहन सं.	मेक	इंजिन टाईप	सीट केपेसिटी	संचालित दिवस	किमी.	डीजल खपत	डीजल औसत	टॉपअप औसत	ऑयल चेन्ज	आर.सी. इंजिन किमी.	40000 किमी. डॉकिंग	चेसिस प्रोग्रे. किमी.	ऑफरोड दिवस	आफरोड कारण	वाहन उपयोग–गिता	मासिक खर्चा	प्रोग्रेसिव खर्चा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19

(15) स्पेयर पार्टस विवरण

क्र. सं.	आईटम का नाम	माह के प्रथम दिवस में स्टॉक बैलेंस (रुपये में)	के.भण्डार से प्राप्त सामान (रु. में)	स्थानीय क्रय (रु. में)	माह में खपत (रु. में)	अन्तिम स्टॉक (रु. में)

लागत प्रति किमी.

(16) स्थानीय क्रय किये गये सामान की सूची

क्र. सं.	पार्टस का नाम	पार्ट न.	खरीद की मात्रा	दर	कुल लागत

लागत प्रति कि. मी.

(**17**) आर. सी. एवं ओल्ड असेम्बलीज प्राप्त/जमा का विवरण-

क्र. सं.	असेम्बली का नाम	के.कार्यशाला से प्राप्त आर. सी. वाहन/असेम्बली	असेम्बली लागत (रुपये में)	के. का.में जमा ओल्ड असेम्बली
1.	आर. सी. वाहन सं.			
2.	नई लो कॉस्ट वाहनें			
3.	आर. सी. इंजिन			
4.	आर. सी. गियर बॉक्स			
5.	आर.सी. फ्रन्ट एक्शल			
6.	आर.सी. रियर एक्शल			
7.	आर.सी. क्राउन केज			
8.	आर.सी. सेल्फ स्टार्टर			
9.	आर.सी. आर्मेचर			
10.	एफ. आई. पम्प			
11.	आर.सी. इंजेक्टर सैट			
12.	आर.सी. वाटर पम्प			
13.	अन्य माईनर असेम्बलीज			

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

निष्पादन विभाग
मैन्यूअल
2004

निष्पादन शाखा–

केन्द्रीय कार्यशाला, अजमेर में निष्पादन शाखा की स्थापना पृथक् से नवम्बर, 1992 में की गई।

इस शाखा की पृथक् से स्थापना का उद्देश्य निगम की नकारा वाहनों व अनुपयोगी सामान को खुली नीलामी द्वारा समय पर सुगमता से विक्रय किया जाकर निगम राजस्व में वृद्धि किया जाना था।

निष्पादन शाखा में सम्पादित किये जाने वाले मुख्य कार्य–

(1) केन्द्रीय कार्यशाला व सम्बन्धित आगारों से नकारा घोषित वाहनों व अन्य अनुपयोगी सामान प्राप्त करना।

(2) वाहनों व सामान का वर्गीकरण, लॉट लगाना, मूल्यांकन, स्टोरेज व ऑफ सेट दर से संबंधित कार्य।

(3) नीलामी द्वारा सामान का विक्रय।

(4) नीलामी द्वारा विक्रय किये गये सामान की सुपुर्दगी।

निष्पादन शाखा के उक्त मुख्य कार्यों का संक्षिप्त विवरण–

(**1**) केन्द्रीय कार्यशाला व सम्बन्धित आगारों से नकारा घोषित वाहनों व अन्य अनुपयोगी सामान प्राप्त करना–

केन्द्रीय कार्यशाला व आगारों से निष्पादन शाखा में चालानों द्वारा निम्न नकारा सामान प्राप्त होता है–

1. वाहन
2. बॉडी स्ट्रक्चर
3. स्क्रेप व अनसर्विसेबल पार्ट्स व एसेम्बलीज
4. सर्विसेबल आबसिलीट, सरप्लस, स्पेयर पार्ट्स व एसेम्बलीज
5. नया आबसिलीट सरप्लस, स्पेयर पार्ट्स व एसेम्बलीज
6. प्लांट एवं मशीनरीज
7. टायर टयूब प्लेप्स, व अन्य संबंधित सामान
8. स्टेशनरी, कार्यालय का अनुपयोगी फर्नीचर व कार्यालय उपकरण।

(**2**) वाहनों व सामान का वर्गीकरण, लॉट लगाना, सामान का स्टोरेज व मूल्यांकन व ऑफसेट दर का कार्य–

1. वर्गीकरण

निष्पादन शाखा में प्राप्त नकारा वाहनों व सामान का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जाता है–

(अ) वाहनों का वर्गीकरण–

1. बिना इंजिन गीयर बॉक्स, रेडियेटर प्रोपेलर शाप्ट एवं डमी एसेम्बली सहित वाहन,

2. बिना इंजिन, गीयर बॉक्स, रेडियेटर, प्रोपेलर शाप्ट एवं ज्यों की त्यों ऐसेम्बली लगी वाहन,

3. आगार से प्राप्त नकारा वाहन ज्यों की त्यों सभी एसेम्बली सहित,

4. बॉडी स्ट्रक्चर

वाहनों के परिवहन विभाग से सम्बन्धित प्रपत्र वाहनों के साथ केन्द्रीय कार्यशाला से प्राप्त किये जाते हैं।

(ब) सामान का वर्गीकरण-

1. सामान का वर्गीकरण उनके नाम के अनुसार किया जाता है, वर्गीकरण की विवरण सूची परिशिष्ठ 'अ' संलग्न है।

2. लॉट लगाना-

   सामान का वर्गीकरण करने के बाद सामान के नाम के अनुसार लॉट लगाये जाते हैं, व लॉट पर संख्या सामान का वजन/संख्या लिखी जाती है।

3. सामान का स्टोरेज

   निष्पादन शाखा में प्राप्त नकारा सामान व वाहनों की चालान के अनुसार भौतिक सत्यापन कर चालानों की स्टॉक पंजिका में प्रविष्टि की जाती है। प्राप्त सामान का स्टोरेज उसके मूल्य के अनुसार किया जाता है। स्टोरेज निम्न प्रकार किया जाता है-

(अ) कमरों में-

ऐसी सभी दुर्घटनायें जिनमें किसी व्यक्ति की मृत्यु (पशुधन को छोड़कर) हुई हो प्राणघातक समझी जावेगी।

2. चालक के कर्त्तव्य-

(क) दुर्घटनागस्त वाहन को उसी स्थिति में रोक दें तथा दुर्घटना नियंत्रण मुख्यालय, आगार एवं निकटतम आगार को सूचित करें।

(ख) घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुँचावें एवं उनका सामान पहुंचाने की व्यवस्था करें।

(ग) नजदीकी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करावें एवं दर्ज नहीं करने पर संबंधित पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड ए.डी. या फैक्स द्वारा सूचना तुरन्त भेजें।

(घ) दुर्घटना स्थल को दो जिम्मेदार व्यक्तियों के समक्ष चिन्ह लगाकर अंकित करें।

(ड.) दुर्घटना स्थल पर उपलब्ध रहें एवं अटैण्डकर्ता को सहायता करें।

(च) अटैण्डकर्ता अधिकारी को दुर्घटना के बारे में अपने बयान दर्ज करावें।

(छ) चालक के खिलाफ पुलिस चालान होने की स्थिति में तत्काल चालान की प्रति संबंधित आगार को शीघ्र उपलब्ध करावें।

(ज) दुर्घटना स्थल से गुजरने वाली निगम वाहन को रूकवायेंगे, यदि वाहन उपलब्ध नहीं हो तो किराये की वाहन लेकर व्यवस्था करायेंगे।

(झ) अपनी अभिरक्षा हेतु नजदीकी पुलिस थाने में जा सकते हैं।

(ट) दुर्घटना की सूचना में होने वाला खर्चा यातायात आय से प्राप्त कर सकते हैं।

चालक के दायित्व-

(क) यात्रियों की सुख-सुविधा का ध्यान रखें एवं नशीली वस्तुओं का सेवन न करें।

(ख) वैद्य लाईसेन्स व बैज साथ रखें, लाईसेन्स समय पर नवीनीकरण करावें।

(ग)वाहन में टेप रिकार्डर, रेडियो आदि नहीं लगावें।

(घ) आबादी वाले क्षेत्र में वाहन धीमी गति से चलावें तथा सड़क के बीच में वाहन नहीं रोकें।

(ड.) वर्षा ऋृतु व कोहरे के समय सावधानी बरतने के निर्देशों की पालना करें।

(च) यातायात नियमों व संकेतों की पालना की जावे।

(छ) बीमारी में वाहन का संचालन नहीं करें।

(ज) ढलान में वाहन खड़ी करने या ब्रेक डाउन या दुर्घटना होने पर हैण्ड ब्रेक व टायरों में वाट (पत्थर) लगावें।

(झ) वाहन कार्यशाला से निकालने से पूर्व भली-भाँति चैक कर लें।

(ट) रात्रि में निर्धारित लाईटों का प्रयोग करें।

(ठ) बोनट पर यात्री नहीं बिठायें एवं बातचीत नहीं करें।

3. परिचालक के कर्त्तव्य-

(क) घायल यात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा व निकटतम अस्पताल पहुँचाने की व्यवस्था करें।

(ख) चालक के घायल होने की दशा में दुर्घटना की सूचना केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष मुख्यालय, निकटतम आगार एवं पैतृक आगार को देवें।

(ग) यात्रियों व सामान को पहुंचाने की व्यवस्था करें।

(घ) निकटतम थाने में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करावें।

(ड.) यात्रियों को टिकिट की बकाया राशि लौटावें। यदि राशि उपलब्ध नहीं हो तो टिकिट के पीछे बकाया राशि अंकित करें ताकि निकटतम आगार या पैतृक आगार से राशि प्राप्त की जा सके। जहाँ तक सम्भव हो निगम की अन्य वाहनों में ही बैठावें।

(च) दुर्घटना के समय संकटद्वार का इस्तेमाल करें।

(छ) घायल व मृतक यात्रियों की सूची बनावें एवं निकटतम आगार के अटैण्डकर्ता को सहयोग करें।

परिचालक के दायित्व-

(क) प्रत्येक यात्री को टिकिट देकर यात्रा करावें।

(ख) वाहन के फाटक पायदान पर खड़ा नहीं होने दें एवं फाटक बन्द रखें।

(ग) वाहन में विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ/सामाननहीं ले जाने दें।

(घ) वाहन में यात्री को शरीर का अंग बाहर नहीं निकालने दें एवं छत पर यात्रा नहीं करावें।

(ड.) वाहन में पाये गये लावारिस सामान की जाँच कर संबंधित को जमा करावें एवं रसीद प्राप्त करें।

(च) वाहन में धूम्रपान नहीं करें और न करने दें।

(छ) आवश्यकता पड़ने पर चालक का सहयोग करें।

(झ) वाहन में लूटपाट के दौरान विशेष सतर्कता रख कर यात्रियों को बचावें।

4. दुर्घटना स्थान के निकटतम क्षेत्राधिकारी के कर्त्तव्य (अटैण्डकर्ता)

(क) दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मुख्य प्रबंधक दुर्घटना स्थल के लिये अपने अधीनस्थ किसी भी सुपरवाईजर्स/ यातायात निरीक्षक/सहायक यातायात निरीक्षक को भिजवायें तथा अगर कोई बड़ी दुर्घटना हो, जिसमें जानमाल गई हो। ऐसे में दुर्घटना में मुख्य प्रबंधक स्वयं दुर्घटना स्थल पर जाकर राहत एवं उपचार की कार्यवाही करायेंगे। मुख्य प्रबंधक उपलब्ध नहीं होने अथवा अन्य अपरिहार्य कारणवश असमर्थ हो, तो मुख्य प्रबंधक द्वारा मनोनीत अन्य प्रबंधकगण दुर्घटना अटैण्ड करेंगे एवं मुख्य पंबंधक के समस्त दायित्वों/कर्त्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

(ख) अटैण्डकर्ता घायलों के लिये आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की व्यवस्था करेंगे, जब तक व्यक्ति अस्पताल में भर्ती रहता है एवं उनकी देखभाल हेतु परिजन नहीं आ जाते हैं।

(ग) व्यय की गई राशि का पुनर्भरण दुर्घटनागस्त वाहन के पैतृक आगार से किया जावेगा।

(घ) मृतक यात्रियों के परिजनों/सम्बन्धियों को सूचित किया जावे।

(ड.) प्राणघातक एवं अधिक संख्या में घायल व्यक्तियों की सूची विवरण तैयार करेंगे एवं निर्धारित परिशिष्ट ब दुर्घटना प्रतिवेदन में पूर्णरूपसे भकर 24 घण्टे के अंदर पैतृक आगार एवं महाप्रबन्धक (दुर्घटना/प्रशिक्षण) को प्रति भिजवायें।

(च) मृतक व्यक्ति के पार्थिव शव को उनके निवास स्थान पर निगम वाहन या किराये की वाहन से पहुँचाने में उनके परिजनों की सहायता करेंगे।

(छ) यात्री क्षतिपूर्ति दुर्घटना बीमा योजना के आदेश संख्या 332 दिनांक 3.7.2000 के अनुसार मौके पर मृतक के आश्रित को 10,000 रुपये, गम्भीर घायल को 5,000/- रुपये, साधारण घायल को 500/-रुपये तुरंत देंगे एवं अन्य तृतीय पक्ष को उनके द्वारा माँग करने पर उपरोक्तानुसार सहायता प्रदान की जावे।

(ज) दी गई सहायता राशि की स्वीकृति की आदेश प्रति एवं रसीद की छाया प्रति आदेश संख्या 2888 दिनांक 5.8.2000 एवं 193 दिनांक 28.4.2004 के निर्देशानुसार महा प्रबंधक (दुर्घटना/प्रशिक्षण) को भिजवायेंगे, ताकि यह राशि आपको मुख्यालय से भिजवाई जाकर समायोजन किया जा सके।

(झ) दुर्घटना स्थल का मौका, नक्शा, फोटोग्राफी, गवाह/सबूत साथ लेकर कार्यवाही करायेंगे।

(ट) दुर्घटना में वाहन की क्षति का पूरा मूल्यांकन करके तथा सम्बन्धित आगार को तीन दिवस में पूर्ण दुर्घटना रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित आगार अनुभवी अधिवक्ता से सम्पर्क कर कानूनी सलाह लेकर अग्रिम कार्यवाही करें।

(ठ) प्राणघातक दुर्घटना तुरंत अटैण्ड करने के बाद सम्बन्धित जिला के जिला कलेक्टर महोदय/पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यालय के नियंत्रणकक्ष व पैतृक आगार को देंगे। तथा माईनर दुर्घटना होने पर उसकी सूचना केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष व पैतृक आगार को देंगे। परिशिष्ठ अ के अनुसार।

(ढ) दुर्घटना के संबंध में चालक, परिचालक एवं दो यात्रियों या साक्षी के बसयन दुर्घटना प्रतिवेदन के साथ अवश्य भेजें।

(ण) दुर्घटनाग्रस्त वाहन को पुलिस/न्यायालय से मुक्त कराकर पैतृक आगार को भिजवाने के लिये सभी प्रकार की व्यवस्था करायेंगे।

5. दुर्घटनाग्रस्त वाहन के पैतृक आगार के मुख्य प्रबन्धक के कर्त्तव्य-

(क) बड़ी/प्राणघातक दुर्घटना की स्थिति में दुर्घटना स्थल के क्षेत्राधिकारियों से सम्पर्क रखना तथा चाही गई सूचना, सहायता प्रदान करना।

(ख) दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर वाहन छुड़वाने हेतु समस्त दस्तावेज वाहन की आर.सी., चालक/परिचालक का

डयूटी चार्ट, चालक के प्रथम नियुक्ति पत्र/आदेश, लाईसेन्स की फोटो प्रति अटैण्डकर्ता आगार को तुरन्त भिजवायें।

(ग) दुर्घटना वाहन की निगरानी के लिये अविलम्ब आगार कार्यशाला से एक मैकेनिक वाहन के पास भिजवा दें, जब तक वाहन आगार कार्यशाला या केन्द्रीय कार्यशाला में नहीं आ जाती है।

(घ) जब तक ठोस कानूनी कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती चालक/परिचालक का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावे।

(ड.) दुर्घटनाग्रस्त वाहन की फिटनेस व चालक के लाईसेन्स की वैद्यता की सूचना तुरन्त केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष, मुख्यालय को दी जावे।

(च) निगम चालक की दुर्घटना में गलती होने पर कार्यालय आदेश 349 दिनांक 18.11.2002 के अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जावे।

(छ) प्रत्येक आगार के चालकों को पूर्व प्रसारित आदेश/परिपत्रों में निर्देशानुसार प्रशिक्षण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। दुर्घटना करने वाले चालक की निलम्बन की स्थिति में वापस ड्यूटी ज्वाईन करने पर प्रशिक्षण में भेजा जावे।

(ज) दुर्घटना वाहन को क्षति पहुँचाने की स्थिति में निगम अधिवक्ता से परीक्षण कराकर क्षतिपूर्ति का वाद प्रस्तुत करेंगे एवं वाद प्रति विधि शाखा मुख्यालय को भेजी जावेगी। दुर्घटना प्रतिवेदन प्रपत्र परिशिष्ठ अ व ब में शीघ्र तैयार कर एक प्रति महाप्रबन्धक (दुर्घटना/प्रशिक्षण) को प्रेषित की जावेगी।

(झ) प्राणघातक/बड़ी दुर्घटना करने वाले चालकों को प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर लेता मार्ग पर नहीं भेजा जावे।

(ट) आगार के सभी चालकों/परिचालकों का वर्ष में दो बार नेत्र परीक्षण/स्वास्थ्य/शारीरिक जाँच कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(ठ) दुर्घटनाग्रस्त वाहन को केन्द्रीय कार्यशाला भेजते समय समस्त आवश्यक दस्तावेज व दुर्घटना का ब्यौरा भेजा जावे एवं अटैण्डकर्ता आगार द्वारा वाहन की क्रेन आदि से पहुँचाने पर हुये खर्चे का पुनर्भरण तुरन्त करेंगे।

(ड.) दुर्घटनाग्रस्त वाहन के विरुद्ध विभागीय जाँच तुरन्त करायेंगे।

(ढ) एम.ए.सी.टी. प्रकरणों में पूर्ण सजगता से कार्य करेंगे।

(न) प्रत्येक अटैण्डकर्ता आगार यात्री दुर्घटना क्षतिपूर्ति योजना 2000 के तहत पीड़ित को तत्काल सहायता राशि दी

जावेगी, जो मृत्यु पर आश्रित को रुपये 10,000/-, गम्भीर घायल को रु. 5,000/-, साधारण घायल को रुपये 500/- देय होगी। अन्य मार्ग दर्शन के लिये महाप्रबंधक (दुर्घटना/प्रशिक्षण) से सम्पर्क करेंगे।

(त) यात्री बीमा राशि रुपये 2/- का विवरण प्रत्येक माह की 5 तारीख तक मुख्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(थ) दी गई तत्काल सहायता राशि की स्वीकृति की प्रति रसीद की प्रति आदेश 2888 दिनांक 5.8.2000 एवं 193 दिनांक 28.4.2004 के निर्देशानुसार महाप्रबन्धक (दुर्घटना/प्रशिक्षण) कार्यालय को भेजेंगे, ताकि उक्त राशि वापस आपको भिजवाई जा कर समायोजन हो सके।

(द) तत्काल सहायता राशि देते समय अटैण्डकर्ता आगार से सम्पर्क अवश्य करेंगे।

6. केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष, मुख्यालय के कर्त्तव्य एवं दायित्व-

(क) नियंत्रण कक्ष में प्रत्येक पारी में एक लिपिक या जिम्मेदार व्यक्ति मौजूद रहेगा। केवल चालक को नियंत्रण कक्ष नहीं सौंपा जावे।

(ख) दुर्घटना की प्राथमिक सूचना मिलते ही दुर्घटना पंजिका में प्रविष्टि करेंगे।

(ग) दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर निकटतम आगार के मुख्य प्रबन्धक को दुर्घटना अटैण्ड करने हेतु पाबन्द करायेंगे।

(घ) बड़ी अथवा प्राणघातक दुर्घटना की स्थिति में नियंत्रण कक्ष द्वारा परिशिष्ट अ में पूर्णरूप से भरकर शीघ्र ही निम्नानुसार प्रेषित करेंगे-

(1) प्राणघातक व ऐसी दुर्घटना जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्ति घायल हुये हों, की सूचना-

(क) प्रबंधक निदेशक।

(ख) कार्यकारी निदेशक (प्रशासन/यातायात) यांत्रिक।

(ग) उप शासन सचिव परिवहन विभाग।

(घ) संबंधित महा प्रबंधक (संचालन-जोन)।

(च) महाप्रबंधक (दुर्घटना/प्रशिक्षण)।

(छ) पुलिस नियंत्रण कक्ष।

(2) अन्य साधारण दुर्घटना की सूचना-

(क) कार्यकारी निदेशक (प्रशासन/यातायात/यांत्रिक)।

(ख) महा प्रबन्धक (दुर्घटना/प्रशिक्षण)।

(ग) संबंधित महा प्रबन्धक (संचालन-जोन)।

(घ) पुलिस नियंत्रण कक्ष।

(च) यह सुनिश्चित किया जावे कि जिस दुर्घटना की सूचना परिवहन राज्य मंत्री तथा मुख्य मंत्री कार्यालय को दी जावे, उसकी सूचना पहले अध्यक्ष, प्रबंधक निदेशक एवं यातायात सचिव को अवश्य दी जावे।

(छ) जिन दुर्घटनाओं की सूचना अटैण्डकर्ता द्वारा बाद में सूचित करने की कहने पर पुनः स्मरण कराकर सूचना प्राप्त करेंगे तथा पारी समाप्त होने पर अगली पारी में आने वाले कर्मचारी को भी बतायेंगे।

(ज) केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष से होने वाले प्रत्येक काल का इन्द्राज दैनिक रूप से एक पंजिका खोलकर अंकित करेंगे एवं कार्यकारी प्रबंधक (दुर्घटना/प्रशिक्षण) से प्रमाणीकरण करवायेंगे।

(झ) केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में कार्यरत कर्मचारी बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जायेंगे।

(ट) केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष में आवंटित चालक को संबंधित अधिकारी द्वारा माँग करने पर उपलब्ध करायेंगे तथा चालकों को बिना अनुमति के अवकाश नहीं देगें।

(ठ) जिन 2 आगार से बड़ी दुर्घटनायें घटित होती हैं, उन आगार की पूर्ण सूचनायें प्राप्त कर उक्त दुर्घटना का मासिक मोनेटरिंग करके प्रत्येक माह के अंत में की गई कार्यवाही से श्रीमान कार्यकारी निदेशक (यांत्रिकी) को अवगत करायेंगे।

(द) इससे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि दुर्घटनाग्रस्त चालकों को दुर्घटना होते ही तुरंत प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर में प्रशिक्षण के लिये भिजवायेंगे तथा प्रशिक्षण पूरा करने के बाद संबंधित आगार से दुर्घटनाग्रस्त चालकों की कार्य व्यवहार माह के अंतिम सप्ताह में कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) को अवगत करायेंगे।

(7) प्रभारी/अधिकारी (दुर्घटना/प्रशिक्षण), मुख्यालय के कर्त्तव्य-

1. केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष के माध्यम से समस्त प्राप्त दुर्घटनाओं की सूचना का रजिस्टर में आगार वाईज इन्द्राज करना।
2. सूचनाओं के आधार पर आगार में मुख्य प्रबंधक/प्रबंधक (संचालन) से पत्र व्यवहार करना तथा दुर्घटना की पूर्ण सूचना प्राप्त कर इकजाई करना।
3. इकजाई सूचनाओं के आधार पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करना तथा मोनीटरिंग करना।
4. दुर्घटनाग्रस्त चालकों को आगारों से केन्द्रीय कार्यशाला, अजमेर में प्रशिक्षण हेतु भेजे गये चालकों की मासिक रिपोर्ट प्रापत करना।
5. दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के नुकसान की सूचना तीनों केन्द्रीय कार्यशालाओं से प्राप्त कर मोनीटरिंग करके श्रीमान् कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) महोदय को सूचित करना।
6. समस्त आगारों के चालकों व परिचालकों को समय-समय पर प्रशिक्षण हेतु भिजवाना तथा बाहरी संस्थाओं से आये प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निस्तारण कराना।
7. आगारों से बीमा राशि का विवरण प्राप्त कर उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत करना।
8. एम.ए.सी.टी. क्लेमों की विधि शाखा द्वारा भिजवाई जाने वाली समस्त पत्रावलियों पर टिप्पणी करना।
9. दुर्घटना में तीन से अधिक यात्रियों की मृत्यु होने पर राज्य सरकार को लिखित में सूचना भिजवाना।
10. प्रतिवर्ष राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के आयोजन अनुसार निगम के समस्त चालक, परिचालकों यातायात संकेतों/नियमों की जानकारी हेतु प्रशिक्षण देना।
11. समस्त आगारों के चालकों की वर्ष में दो बार आँखें की जाँच हेतु केम्पस का आयोजन कराना।
12. प्रतिवर्ष वर्षा ऋृतु से पूर्व वाहन संचालन में सावधानी हेतु दिशा-निर्देश जारी करना/दुर्घटना के बचाव एवं रोकथाम सम्बन्धी दिशा-निर्देश समय पर जान करना।

(**8**) अनुबंधित वाहनों के संबंध में अतिरिक्त निर्देश-

1. अनुबंधित वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर अनुच्छेद (क) 1, 2, 3, 4, 5 की समस्त दायित्व प्रभावी रहेंगे।
2. क्षेत्राधिकारी मुख्य प्रबंधक अनुबंधित वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना स्वामी व पैतृक आगार के मुख्य प्रबंधक तथा केन्द्रीय नियंत्रण कक्ष, मुख्यालय को भेजेंगे।
3. क्षेत्राधिकारी, मुख्य प्रबंधक घायल व्यक्तियों को शीघ्र चिकितसा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेंगे तथा चिकित्सा व्यय की राशि वाहन स्वामी से वसूल करने हेतु व्यय विवरण पैतृक आगार के मुख्य प्रबंधक को भिजवाया जावेगा। ऐसी राशि की वसूली संबंधित पैतृक मुख्य प्रबंधक द्वारा वाहन स्वामी को आगामी माह में दी जाने वाली राशि में से की जावेगी।
4. निगम से अनुबंधित वाहन की दुर्घटना होने पर मुआवजा अदायगी का उत्तरदायित्व निगम पर नहीं है। अनुबंध पत्र की शर्त 15 के तहत यह उत्तरदायित्व वाहन स्वामी का है। किन्तु समय-समय पर ऐसे वाहनों का बीमा नहीं होने से निगम को अदायगी के लिए बाध्य किया जाता है। इस क्षतिपूर्ति के लिए मुख्य प्रबंधक निम्न कार्यवाही करेंगे-

(क) ऐसी वाहनों को बीमा अवधि तक ही अनुबंध पर रखा जावे अर्थात् बिना बीमा के अनुबंध पर नहीं रखा जावे और न ही मार्ग पर भेजा जावे तथा बीमा की एक प्रति आवश्यक रूप से कार्यालय में रखी जावे।

(ख) बिना बीमा कराये अनुबंधित वाहन की दुर्घटना के अद्धभूत क्लेम प्रकरणों पर प्रभारी अधिकारी नियम संख्या 38 के तहत प्रार्थना पत्र लगाकर वाहन को सीज करवायें।

(ग) आदेश 6 नियम 5 के तहत प्रार्थना पत्र लगाकर बीमा संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करावें।

(घ) संबंधित बस मालिक व बीमा कम्पनी को आवश्यक पक्षकार बनावें।

(**9**) बसों में विशेष सुरक्षा बरतने हेतु दिशा-निर्देश-

1. राजस्थान के विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों एवं अन्तर्राज्यीय मार्गों पर संचालित बसों में सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जावे।
2. वाहन के प्रस्थान से पहले चालक व परिचालक स्वयं यह सुनिश्चित करें कि वाहन में लावारिस अथवा संदेहास्पद सामग्री तो नहीं है।

3. किसी भी हालत में निगम की बस को चालक अथवा परिचालक कहीं भी अकेला नहीं छोड़ें और किसी अनाधिकृत व्यक्ति को बस में प्रवेश नहीं करने दिया जावे।

4. कार्यालय एवं कार्यशाला भवनों में अनाधिकृत प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जावे।

5. निगम की परिसीमा में कोई भी सन्देहात्मक वस्तु अथवा व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत निकटतम पुलिस थाने/पुलिस चौकी को सूचित किया जावे। यह भी ध्यान रखा जावे कि पुलिस के आने तक ऐसी संदेहात्मक वस्तु को कोई नहीं छुये।

6. कार्यशालाओं में तैनात सुरक्षा कर्मियों को पाबंद किया जावे कि वे कार्यशाला में अनाधिकृत वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगायें एवं बसों के मार्ग से वापिस आने पर उन्हें कार्यशाला में पूरी तलाशी के बाद ही प्रवेश दें तथा बस में किसी भी संदेहास्पद वस्तु मिलने पर तुरन्त कार्यशाला प्रभारी को सूचित करें। कार्यशाला प्रभारी संदेहास्पद वस्तु मिलने की सूचना तुरंत पुलिस को भी दें।

7. डयूटी कर्मचारी अपनी नियमित वर्दी में रहें, जिससे उनकी पहचान बनी रहे।

8. अग्निशामक यंत्रों को हमेशा चालू हालत में रखा जावे।

9. वाहन को निर्धारित/घोषित स्टैण्ड पर ही रोका जावे तथा यात्रियों को चढ़ते एवं उतरते समय ध्यान रखा जावे। रात्रि वाहनों पर विशेष ध्यान रखा जावे, ताकि संदिग्ध यात्री वाहन में नहीं चढ़ने पायें।

10. सुरक्षा व्यवस्था हेतु समय-समय पर जिला पुलिस से सम्पर्क बनाए रखें।

(**10**) यात्री बीमा योजना के निर्देश-

राज्य शासन के ज्ञापन क्रमांक 6.16(2)परि/2000 दिनांक 30.6.2000 के तारतम्य में निगम के वाहनों में यात्रा करने वाले यात्रियों एवं निगम वाहन से होने वाली दुर्घटना क्षतिपूर्ति योजना 2000 लागू की गई है। यह योजना निम्नानुसार होगी-

(1) मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 146(3) के अंतर्गत राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की वाहनों को बीमा कराने से छूट जारी रहेगी।

(2) इस योजना का नाम यात्री एवं तृतीय पक्ष दुर्घटना क्षतिपूर्ति योजना 2000 होगा।

(3) परिभाषा-

(अ) यात्रा-निगम वाहन में वैद्य टिकिट एवं वैद्य पास पर अथवा मोटर वारंट पर यात्रा करने वाला व्यक्ति।

(ब) उत्तराधिकारी-मृत यात्री अथवा व्यक्ति का कानूनी उत्तराधिकारी।

(स) क्षतिपूर्ति-इस योजना के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न क्षतिपूर्ति की राशि।

(द) योजना की परिधि-इस योजना में यात्री, पास धारक, चैकिंग स्टाफ, चालक, परिचालक, पुलिस मोटर वारंट धारक एवं तृतीय पक्ष शामिल होंगे।

(य) सक्षम न्यायालय-सक्षम न्यायालय से तात्पर्य सक्षम मोटर दुर्घटना वाद न्यायाधिकरण से होगा।

(4) 1. इस योजना के अंतर्गत व्यस्क तथा अल्पव्यस्क मृतक के कानूनी उत्तराधिकारी (न्यायालय द्वारा निर्णित) को-

(अ) रुपये 50,000/- (तत्काल),(ब) स्थाई अपंगत की स्थिति में रुपये 25,000/- (तत्काल)

(स) गम्भीर रूप से घायल यात्री को रुपये 5,000/-

(द) साधारण रूप से घायल यात्री/व्यक्ति को रुपये 1,000/- की मुआवजा राशि दुर्घटना के पश्चात्

(अ) व (ब) में न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत होने पर तत्काल देय होगी तथा

(स) व (द) में दुर्घटना के पश्चात् यथा शीघ्र देय होगी।

(4) 2. दुर्घटना की स्थिति में निम्नानुसार तात्कालिक सहायता इकाई प्रमुख द्वारा दी जायेगी-

(अ) मृत व्यक्ति का कानूनी उत्तराधिकारी को 10,000/- रुपये एक मुश्त,

(ब) स्थाई अपंगता या गंभीर घायल यात्री को 5,000/-रुपये एक मुश्त,

(स) साधारण रूप से घायल व्यक्ति को 500/- रुपये एक मुश्त

उक्त तात्कालिक सहायता राशि का समायोजन पद क्रमांक 4(1) में भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि में किया जावेगा। परंतुक तृतीय पक्ष को हुई व्यक्तिगत हानि के सम्बन्ध में जिनमें व्यक्ति की मृत्यु की स्थिति में उनके उत्तराधिकारियों

को अथवा व्यक्तिगत चोट लगने आने की स्थिति में सक्षम न्यायालय द्वारा दोष रहित अंतरिम सहायता का आदेश जब तक पारित नहीं हो जाता तब तक कोई भुगतान नहीं किया जायेगा। लेकिन तात्कालिक सहायता स्वरूप राशि प्रार्थी द्वारा मांग करने पर एवं उक्त राशि का समायोजन दोषरहित अंतरिम सहायता अंतर्गत धारा 140 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत दी जाने वाली राशि के अन्तर करने के लिए सहमत होने पर उक्त राशि का भुगतान किया जायेगा।

(5) दुर्घटना के फलस्वरूप वैद्य टिकिट धारी यात्री अथवा मृतक का कानूनी उत्तराधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में विवाद दायर करता है तो न्यायाधिकरण द्वारा जो राशि देने के लिये निर्देशित किया जावेगा/दोषरहित उत्तरदायित्व के तहत अन्तरिम राशि अंतर्गत धारा 140 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत देय होगी उसमें से पद क्रमांक 4(1) व (2) में किये गये भुगतान की राशि का समायोजन किया जायेगा।

(6) क्षतिपूर्ति की राशि प्रत्येक वैद्य टिकिट धारी दुर्घटनाग्रस्त यात्री को अथवा तृतीय पक्ष को चिकित्सा प्रमाण पत्र तथा अन्य अपेक्षित तथ्यों के आधार पर संबंधित डिपो प्रबंधक/डिपो लेखापाल, सुरक्षा निदेशक एवं संबंधित पदाधिकारियों की सम्मिलित अनुशंषा के पश्चात् कानूनी उत्तराधिकारियों की प्रबंध निदेशक द्वारा स्वीकृति की जावेगी, लेकिन 4(1) में दी जाने वाली राशि का भुगतान सक्षम न्यायालय द्वारा आदेशित होने पर ही किया जा सकेगा।

(7) निगम के मुख्य प्रबंधक/आगार स्तरीय अधिकारी निगम द्वारा निर्धारित दुर्घटना मैन्यूअल के अनुसार वांछित कार्यवाही समय पर सम्पादित करेंगे। दुर्घटना की एफ.आई.आर., घायलों की मेडिकल रिपोर्ट तथा मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट इत्यादि भुगतान प्राप्ति हेतु किये जाने वाले क्लेम के मुख्य आधार रहेंगे। आगार के मुख्य प्रबंधक एवं प्रबंधक (लेखा), प्रबंधक (संचालन) दुर्घटना प्रतिवेदन समय पर एवं पूर्ण रूपेरण तैयार करने के लिए उत्तरदायी होंगे। इस प्रकार की दुर्घटना प्रतिवेदन की रिपोर्ट संबंधित जिला कलेक्टर को प्रेषित की जायेगी एवं एक प्रतिवेदन क्षेत्राधिकार से संबंधित उप खण्ड अधिकारी को भी प्रस्तुत करनी होगी।

(8) आगारीय समिति उप खण्ड अधिकारी की सहमति प्राप्त कर क्लेम भुगतान हेतु प्रकरण वास्ते स्वीकृति प्रबंधक निदेशक को प्रेषित करेंगे और तदनुसार निगम मुख्यालय से स्वीकृति जारी होने पर उक्त प्रावधान अनुसार भुगतान किया जायेगा।

(9) निगम में क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान की व्यवस्था के लिए मुख्यालय स्तर पर दुर्घटना क्षतिपूर्ति निधि के नाम से खोले गये खाते में रुपये 2.00 प्रत्येक यात्री की दर से राशि जमा की जायेगी जो 4(2) के अंतर्गत तात्कालिक सहायता के रूप में

इकाई प्रमुख द्वारा भुगतान की गई राशि की क्षतिपूर्ति संबंधित डिपो/इकाई को मुख्यालय द्वारा की जावेगी। यह 2.00 रुपये की अतिरिक्त राशि केवल उन्हीं यात्रियों से वसूल की जावेगी जो 60 कि.मी. या 60 कि.मी. से अधिक की यात्रा करते हों अथवा टिकिट राशि 20.00 रुपये या 20.00 रुपये से अधिक, इन दोनों में से जो भी अधिक हो, उनसे किराये के साथ वसूल की जावेगी।

(10) उपरोक्त अधिभार की राशि वसूली तथा पृथक से लेखाबद्ध करने के उद्देश्य से प्रथमतया यात्री टिकिट के ऊपर यह स्पष्ट रूप से मुद्रित किया जायेगा कि दुर्घटना क्षतिपूर्ति अधिभार रुपये 2.00 किराये में सम्मिलित है। सभी निःशुल्क/रियायती पासों/मोटर वारंट के लिए 2.00 रुपये का टिकिट पृथक् से काटा जायेगा तथा इसकी राशि पास/मोटर वारंट धारक से वसूल की जावेगी, लेकिन निगम के कार्य से कार्य से जाने वाले अधिकारी/कर्मचारी जिन्हें कर्त्तव्य यात्रा पास जारी हुआ है, से यह राशि वसूली नहीं जावेगी।

(11) दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति अथवा मृतक के उत्तराधिकारियों को यदि वे निगम बस में यात्री हैं तो वैद्य टिकिट/पास प्रस्तुत करने होंगे। लेकिन यदि वह तृतीय पक्ष हैं तो यह शर्त लागू नहीं होगी। जिसका निर्धारण पुलिस अन्वेषण के आधार पर किया जायेगा, लेकिन किन्हीं विशेष परिस्थितियों में टिकिट प्रस्तुत करना संभव नहीं हो (उदाहरणार्थ–बस के नदी में गिर जाने अथवा आग से जल जाने पर) तो प्रबंध निदेशक द्वारा बस के चालक, परिचालक अथवा सहयात्री अथवा निगम दुर्घटना प्रकोष्ठ के द्वारा प्रमाणीकरण होने पर 4(2) में निश्चित की गई राशि भुगतान हेतु स्वीकृत की जा सकेगी।

(12) परिचालक द्वारा यात्रियों से अधिभार शुल्क की राशि को संग्रह पंजिकाओं में पृथक् से दर्शाया जावेगा तथा उक्त राशि डिपो प्रबंधक द्वारा निर्दिष्ट बैंक में अगले कार्य दिवस को आवश्यक रूप से जमा की जावेगी।

(13) यात्री/तृतीय पक्ष दुर्घटना क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में अभिलेख यात्री किराया टिकिटों की भाँति सम्यक सुरक्षा के साथ डिपो प्रबंधक द्वारा रखा जावेगा। इसके आधार पर मासिक लेखा–जोखा की एक–एक प्रति अगले माह के प्रथम सप्ताह में मुख्यालय को प्रस्तुत की जावेगी। दुर्घटना अधिभार की वसूली हुई राशि मुख्यालय द्वारा निर्देशित एक पृथक् खाते में (एस्क्रो) एकाउन्ट की भाँति जमा कर उसका लेखा प्रतिमाह संबंधित डिपो लेखापाल द्वारा मुख्यालय को प्रेषित किया जावेगा।

(14) इस योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति के प्रत्येक प्रकरण में किसी भी विवाद पर प्रबंधक निदेशक द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

(15) निगम द्वारा उपरोक्तानुसार प्राप्त की गई राशि से अपना विधिक एवं सामाजिक दायित्व को तत्काल भुगतान कर सम्पन्न किया जावेगा। किसी भी यात्री/व्यक्ति/तृतीय पक्ष के द्वारा मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में वाद प्रस्तुत करने पर एवं निगम को नोटिस प्राप्त होने पर प्रकरण का निस्तारण शीघ्रातिशीघ्र करने के प्रयोजनार्थ लोक अदालत का आयोजन जिला स्तर व मुख्यालय स्तर पर किया जायेगा एवं न्यायाधिकरण में होने वाली लोक अदालत में भी सम्मिलित होंगे, जिससे निगम पर ब्याज की देयता कम की जा सके। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर सक्षम समितियाँ गठित की जायेंगी, जिसमें प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष लेखाधिकारी या उनके द्वारा नियुक्त व्यक्ति प्रबंधक विधि तथा प्रबंध निदेशक द्वारा नियुक्त अन्य अधिकारी होंगे। इसी प्रकार से जिला स्तर पर प्रबंध निदेशक के निर्देशानुसार समितियाँ गठित होंगी।

परिशिष्ठ "अ"

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर

केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष, मुख्यालय,

दुर्घटना की प्राथमिक सूचना

दुर्घटना प्रकृति - प्राणघातक/गंभीर/साधारण

दुर्घटना दिनांक समय

1. आगार --------------------- वाहन संख्या ---------- निगम/अनुबन्धित ---------------
2. मार्ग ----------------------- स्थल -------------------------
3. दुर्घटना किससे हुई -----------------------
4. मृतक संख्या ------------------ निगम वाहन यात्री -------------- अन्य पक्ष ------------
5. घायल संख्या ------------------ निगम वाहन यात्री -------------- अन्य पक्ष ------------
6. भर्ती कराये गये अस्पताल का नाम -------------- नगर/शहर ------------ जिला ------------
7. चालक श्री ---------------- नियमित/दैनिक वेतन भोगी -------- क्या नशे में था या नहीं --------
8. परिचालक श्री -- क्या नशे में था या नहीं --------
9. दुर्घटना का कारण ----------------------------

उपरोक्त सूचना केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष में दिनांक ------------- समय ---------------- को प्राप्त हुई। उक्त दुर्घटना श्री ------------------------ पद -------------- आगार ------------------ द्वारा अटैण्ड की गयी। एफ.आई.आर. निगम/पार्टी द्वारा दायर कराई गई। पुलिस थाने का नाम -----------------

जिला --------

अन्य विवरण --------

केन्द्रीय नियन्त्रण कक्ष

परिवाद संख्या मुख्यालय, जयपुर

दिनांक --------

दुर्घटना का स्वरूप- | शारीरिक चोट

☐ आमने-सामने से ☐ स्वयं द्वारा टक्कर ☐ कोई चोट नहीं

☐ बगल में रगड़ ☐ दूसरे द्वारा टक्कर ☐ साधारण चोट

☐ समकोणीय भिड़न्त ☐ कोई आपसी टक्कर नहीं ☐ गंभीर चोट

☐ पिछवाड़े की टक्कर ☐ अन्य प्रकार से --------

(विवरण दें)

राजस्थान परिवहन निगम वाहन 1 | प्रतिपक्षी वाहन 2

------------------ वाहन चलाने वाले व्यक्ति का नाम -------------------- -------- -

चा ------------------------------------पता -----------------------------------

ल ☐ चालक ------------------ (चालक लाइसेंस सं.) ☐ चालक --------

क ☐ मिस्त्री --------------------------------- ☐ खलासी --------

☐ अन्य व्यक्ति ----------उम्र ------ लिंग ----- ☐ अन्य व्यक्ति ---- आयु -----लिंग ---

वाहन चलाने का अनुभव (वर्षों में) -------- वाहन चलाने का अनुभव (वर्षों में) ------------------

------------------------------ शैक्षणिक स्तर ---------------------------------

नियोजन का दिनांक ---------

चालक की 8 घंटों की अवधि के पश्चात् लगाकर डयूटी के घण्टे ----------------

चालक की दशा ----------

चालक की डयूटी के 8 घंटों की अवधिके पश्चात् लगाकर लगातार वाहन चलाने के वास्तविक घंटे ----------------

मालिक के अलावा यदि कोई अन्य व्यक्ति वाहन चला रहा हो।

मालिक का नाम ------------

पता --------------------

नगर एवं राज्य -------------

मा न चि त्र	दुर्घटना नियमावली के निर्देश के अनुसार दुर्घटना का मानचित्र

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

दुर्घटना प्रतिवेदन प्रपत्र

(संशोधित)

जिस संभाग की वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई है,

इस संभाग के दुर्घटना जांचकर्ता अधिकारी द्वारा यह प्रपत्र भरा जाना है।

संभाग का नाम ---जिससे कि वाहन सम्बन्धित है।

स्वामित्वपूर्ण आगार का नाम ------------------------- वाहन सं. -------------------

मार्ग का नाम ----------------------- चालक का नाम --------------------------

	निर्देश		दुर्घटना में अन्तर्ग्रस्त :
1.	प्रत्येक दुर्घटना की सूचना (रिपोर्ट) पुलिस तथा निगम के सम्बन्धित अधिकारियों को दी जाये।		☐ दूसरा व्यावसायिक वाहन ☐ यात्री कार
2.	पुलिसकी अनुमति लिए बिना, दुर्घटना स्थल से वाहन को न हटाएं।		☐ पद यात्री ☐ अन्य
3.	कम से कम ऐसे तीन गवाहों के नाम व पते ले लेने चाहिए जो दुर्घटनाग्रस्त वाहन के यात्री न हों। जांचकर्ता अधिकारी के मार्ग दर्श के लिए बस के चालक परिचालक द्वारा एक संक्षिप्त टिप्पणी तैयार की जानी चाहिए।		अन्य विवरण ☐ सकड़ा पुल या पुलिया
4.	दुर्घटना के परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति के यदि कोई शारीरिक चोट लगी हो, तो उस घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुंचाया जाये।		☐ मकान या जुडवार (फिक्सचर) ☐ खड़ा हुआ वाहन ☐ --------
5.	दुर्घटना के पश्चात् वाहन को अकेला न छोड़ें।		अन्य विवरण
6.	कृपया दुर्घटना की वास्तविक स्थिति को स्पष्ट करने के लिए कॉलम में सही का निशान लगावें।		

समय	दुर्घटना की दिनांक ------------------- वार ------------ समय ----------- पूर्वान्ह/अपरान्ह ☐ कार्य दिवस ☐ अवकाश

दुर्घटना स्थल	वह स्थान जहाँ दुर्घटना घटित हुई है ------------------ ☐ नगरीय क्षेत्र (नगर पालिका सीमा) ☐ उपनगरीय क्षेत्र महानगरीय सीमा ☐ नगरेत्तर क्षेत्र ------------------------------ दुर्घटना का निश्चित स्थान ----------------------- मय चौराहा यदि कोई हो	वाहन (क्षति) ☐ नगण्य ☐ साधारण ☐ बड़ी

	चालक एवं पद यात्री वाहन वाहन	सड़क की दशा	मौसम	प्रकाश (लाईट)	वाहन 1 2
	1 2 3 (पदयात्री ☐ ☐ ☐ शराब के नशे में)	☐ मरम्मत हो रही हो	☐ खिली धूप	☐ दिन की रोशनी	☐ ☐ अधिक सं. ☐ में यात्री ☐ ☐ वाहन से निकला ☐ हुआ सामान
	☐ ☐ ☐ थकान ☐ ☐ ☐ उनीदा	☐ खड्डे ☐ फिसलन दार सड़क	☐ बादल मय ☐ आंधी तूफान युक्त	☐ धुन्धली रोशनी ☐ अच्छी सड़क	☐ ☐ दोषपूर्ण ☐ ☐ दोषपूर्ण स्टेयरिंग ☐ ☐ दोषपूर्ण

☐ ☐ ☐ रुग्णावस्था	☐ किचड़युक्त	☐ सीधी सड़क	रोशनी	प्रकाश
☐ ☐ ☐ शारीरिक कमियाँ	☐ टेढ़ीमेढ़ी	☐ सामान्य मोड़	☐ कमजोर सड़क रोशनी	☐ ☐ हवा निकले हुए या फूटे हुए टायर
☐ ☐ ☐ अज्ञात	☐ धसकने वाली	☐ टेढ़ामेढ़ा ☐ चौराहा	☐ सड़क पर कोई रोशनी नहीं	☐ ☐ भगते हुए व दोषपूर्ण टायर
☐ ☐ ☐ कोई खराबी नहीं		☐ कोई खराबी नहीं	☐ उतार-चढ़ाव	☐ ☐ अन्य कोई खराबी नहीं

वाहन	गति
1 2	1 2
☐ ☐ सही रास्ते पर नहीं	☐ ☐ स्वीकृत गति सीमा से अधिक गति होना
☐ ☐ बहुत समीपता से अनुगमन	☐ ☐ अवस्था से अत्यधिक गति
☐ ☐ अपेक्षित संकेत की विफलता	सुरक्षित गति सीमा --------
☐ ☐ यातायात के संकेतों एवं विनियमों की उपेक्षा	प्र. घं. प्र. घं.
☐ ☐ अनुचित तरीके से वाहन निकालना	कि. मी. कि.मी.
☐ ☐ अनुचित तरीके से घुमाना	-------- खतरे का भान होने
☐ ☐ अनुचित तरीके से पीछ लेना	पर अनुमानित गति सीमा
☐ ☐ अनुपयुक्त यातायात सड़क	प्र. घं. प्र. घं.
☐ ☐ अनुचित तरीके से वाहन खड़ा करना	कि. मी. कि. मी.
☐ ☐ अनुचित तरीके से वाहन चलाना	-------- दुर्घटना

	☐ ☐ बड़ी लाईटों का अनुचित प्रयोग जो आँखों में चका चौंध पैदा करता हो ☐ ☐ टायर फूट जाने से ☐ ☐ मशीन खराबी से	घटित होने के क्षणों में अनुमानित गति सीमा
	वाहन सं. 1	वाहन सं. 2

-------------------------- परिचालक/खलासी का नाम ----------------------------

------------------------ लाइसेंस / बैज नम्बर ------------------------------------

---------------------- वाहन के यात्रियों की सं. -----------------------------------

------------------------ परिचारक डॉक्टर का नाम व पता -----------------------------------

------------------------ घायलों को भर्ती कराए गए अस्पताल का नाम ------------------------------

-------------------- भर्ती कराये जाने का समय व दिनांक -----------------------------

-------------------- क्या तीसरे पक्ष को दायित्व स्वीकार -----------------------------

------------------- क्या वाहन यांत्रिक दृष्टि से उपयुक्त था -----------------------------

	राजस्थान परिवहन निगम वाहन सं. 1	प्रतिपक्षी वाहन सं. 2

------------------------------- वाहन का प्रकार ---------------------------------

पंजीयन सं. -------- वर्ष -------- मेक -------- पंजीयन सं. -------- वर्ष -------- मेक --

उपयुक्तता प्रमाणप्र पत्र ☐ हा ☐ नहीं उपयुक्तता प्रमाण पत्र ☐ हा ☐ नहीं ---------

------------------------------------- वाहन क्षति विवरण --------------------------

---------------------------- ------------------------------------

---------------------------- रुपये अनुमानित क्षति मूल्यांकन ------------------- रुपये

---------------------------------- वाहन दिशा --------------------------------

---------------------------------- वाहन की लाईट --------------------------------

-------------------------------- अन्य क्षति का स्वरूप ----------------------------

एवं

------------------------------------- सीमा ---------------------------------

(अनुमानित मूल्यांकन सहित)

		नाम	पता	आयु	लिंग	चोट का ब्यौरा
चो	प्रथम वाहन का चालक					
ट	द्वितीय वाहन का चालक					
ग्र	वाहन सं. 1 में यात्रियों की सं.					
स्त	वाहन सं. 2 में यात्रियों की सं.					
	पद यात्री					
	अन्य					

	नाम	पता	टिप्पणी, यदि कोई हो
ग वा ह			

ड्राइविंग एवं शोध उच्च प्रशिक्षण संस्थान

केन्द्रीय कार्यशाला, अजमेर

प्रशिक्षण मैन्यूअल
2004

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

•

“अनुक्रमणिका”

क्र.सं.	अध्याय पृष्ठांकन
1.	परिचय
2.	निगम चालकों के लिए महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का प्रशिक्षण
3.	तकनीकी साधनों के द्वारा प्रशिक्षण
4.	चालक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम–
	(क) 7 दिवसीय (डीजन बचत)
	(ख) 15 दिवसीय दुर्घटना नियंत्रण पूर्व एवं पश्चात
	(ग) 3 दिवसीय (पी.सी.आर.ए.) आगार स्तर पर
	(घ) 1 दिवसीय (एन.जी.ओ.) अन्य संस्थाओं के द्वारा
	(च) दैनिक योगा अभ्यास प्रशिक्षण
	(छ) 35 दिवसीय (बाहरी/निजी चालक) भार वाहन संचालन का प्रशिक्षण।

1. परिचय–

एक अच्छी ड्राईविंग सिखाने वाली संस्था सीखने वालों को सही दिशा दिखाती है, उसकी जिम्मेदार होती है कि चालक में सही मनोभावना और सोच पैदा करें। चालक को सड़क नियमों/संकेतों का अच्छा ज्ञान प्रदान करें। सिर्फ सुनने और पढ़ने से वाहन को चलाने का ज्ञान नहीं आ जाता, इसके लिये यह जरुरी है कि प्रत्येक चालक अपने आप प्रयास करें। जल्दबाजी या उल्टे–सीधे तरीकों से अच्छा वाहन चलाने का तरीका नहीं होता। युवा चालकों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाए, तो वह अपनी गलतियाँ सुधार कर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अगर वे ठीक प्रकार से वाहन चलाने के लिये प्रशिक्षित नहीं होंगे, तो आम जनता उनकी लापरवाही का शिकार बनेगी। अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण से ही अच्छे परिणाम हमारे सामने आ सकते हैं। सड़क पर वाहनों के बढ़ते दवाब को मद्दे नजर रखते हुए एक अच्छा चालक ही दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम करने में सफल रहेगा। इसी उद्देश्य से राजस्थान राज्य पथ परिवतन निगम में वर्ष 1995 से निगम चालकों के लिए चालक प्रशिक्षण संस्थान केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर में स्थापित किया गया। वर्तमान में बढ़ती हुई दुर्घटनाओं एवं तेल की कीमतों में कमी व बचत लाने की दृष्टि से इस संस्थान को गति देने के उद्देश्य से स्थाई रूप से “प्रशिक्षण मैन्यूअल” तैयार किया गया है। जिसके अनुरूप संस्थान सहित प्रत्येक निगम यूनिट की जिम्मेदारी है कि प्रशिक्षण कार्य को सफल बनाया जाना सुनिश्चित करें।

2 निगम चालकों के लिये महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का प्रशिक्षण

(1) निगम में चालकों की भूमिका।

(2) ड्यूटी रोस्टर, स्पेयर डयूटी चार्ट, ड्यूटी के पूर्व व पश्चात की रिपोर्टिंग करना।

(3) राज्य एवं अन्तर राज्य के मार्गों पर शिड्यूल, ट्रिप व क्रयू की जानकारी।

(4) वाहन में गलत भाषा, आपत्तिजनक स्लोग अंकित नहीं रखने बाबत।

(5) निरीक्षण प्रणाली में निरीक्षकों को सहयोग करना।

(6) अनुपस्थित होने पर संचालन व्यवस्था पर प्रभाव।

(7) विभागीय जाँच और उसमें सहयोग कैसे किया जाये की जानकारी।

(8) जनता से संबंध, महत्त्वपूर्ण व विशेष अतिथियों के बारे में निजी ज्ञान, महिलाओं, बच्चों एवं विकलांगों एवं वृद्धों को सहयोग/सहायता करना।

(9) खोई हुई सम्पत्ति को निगम में विधिवत जमा कराने एवं वास्तविक मालिक को लौटाने का कार्य।

(10) सेवा नियमों, अवकाश नियम, स्वैच्छिक एवं अनिवार्य सेवा निवृत्ति नियम, मेडिकल, आश्रित के भर्ती सेवा नियम, निलम्बन एवं सेवा पृथक आदि की जानकारी।

(11) भिन्न-भिन्न प्रकार के सड़कों पर वाहन संचालन में चालक की मनोभावना।

3. तकनीकी साधनों के द्वारा प्रशिक्षण-

(क) टाटा एवं लीलैण्ड एक-एक वाहनों में डबल स्टेयरिंग पर अभ्यास करना।

(ख) वाहन में प्रशिक्षण के दौरान चालक का डीजल औसत ज्ञात करने के लिये सैपेरेट डीजल औसत मापन पद्धति के द्वारा कराना।

(ग) यातायात संकेत बोर्ड, स्लाईड प्रोजेक्ट, टी.वी./वी.सी.आर./वी.सी.डी. एटीट्यूड मशीन, पारदर्शी सीट के माध्यम से प्रशिक्षण।

(घ) जाँच-कीस्टोन आई विजन स्क्रीनर, विजन टैस्टर लो लूमीनेन्श अडापटेशन, एक्शन जजमैन्ट टैस्टर, डिजीटल टाईप स्पीड एन्टीसीपेशन रियेक्शन टैस्टर।

4. चालक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम-

(क) **7** दिवसीय (डीजल बचत)-

इस पाठ्यक्रम में प्रशिक्षक प्रशिक्षण से पूर्व उपलब्ध चालकों की गलतियों का प्रतिशत निम्न बिन्दुओं के आधार पर आंकलन करेंगे-

1. तेज गति से गाड़ी चलाना।

2. अन्धाधुन्ध और लापरवाही से गाड़ी चलाना।

3. अचानक “एक्सीलेटर” दबाना।

4. झटके से गाड़ी स्ट्रार्ट करना।

5. स्टॉप का पूर्वानुमान न होने के कारण अचानक झटके से ब्रेक लगानङ्क

6. दो बार क्लच दबाये बिना गियर बदलना।

7. गलत गियर में गाड़ी चलाना।

8. क्लच पर पाँव रख कर गाड़ी चलाना।

9. ढलान पर गाड़ी रोकने के लिये क्लच दबाना।

10. इंजिन को बेकार चालू रखना।

बेहतर देखभाल के लिये **15** आसान सुझाव-

1. डीजल रिसना तुरन्त बन्द कीजिये।

2. डीजल छलकने न दीजिये।

3. सही लुब्रिकेटिंग ऑयल इस्तेमाल कीजिये।

4. टायरों में हवा की हमेशा जाँच कराईये।

5. धूल इंजिन कीसबसे बड़ी दुश्मन है।

6. वाहन को हमेशा तुरन्त स्टार्ट होने की स्थिति में रखिये।

7. फ्यूल फिटर की जाँच कीजिये।

8. इंजिन की टयूनिंग ठीक रखिये।

9. इन्जैक्शन साफ व सही रखिये।

10. टाइट ब्रेक ओर पहियों की चाल की जाँच कीजिये।

11. पहियों को ठीक सीध में रखिये।

12. क्लच की फिसलन रोकिये।

13. साइलेंसर हमेशा साफ रखें।

14. इंजिन को बढ़िया हालत में रखिये।

15. फ्यूल इन्जैक्शन पम्प की कैलिब्रेशन और माउन्टिंग सही कराइये।

बेहतर ड्राइविंग के लिये **6** आसान सुझाव-

1. तेज गति का मतलब डीजल के उपयोग में कमी नहीं।

2. खड़े वाहन का इंजिन चालू न रखिये।

3. गियर सही ढंग से बदलिये।

4. स्टॉप का पूर्वानुमान लगाकर वाहन धीरे-धीरे रोकिए।

5. वाहन सामान्य गति में चलाइए।

6. क्लच पर पैर रख कर वाहन चलाने से डीजल ज्यादा खर्च होता है।

चालक को हमेशा ध्यान रखने वाली बातें-

1. यात्रा से पहले वाहन की जाँच करें।

2. ठंडा इंजिन स्टार्ट करने का तरीका।

डीजल औसत की मोनिटरिंग (संलग्न प्रारूप “अ” के अनुसार)

1. आगार स्तर पर कार्यशाला प्रभारी कम डीजल औसत देने वाले चालकों का चयन कर प्रत्येक माह की 3, 10, 17, 25 तारीख को एक चालक प्रशिक्षण में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

2. प्रारूप “अ” की तीन प्रतियों में तैयार करेंगे, जो कार्यशाला प्रभारी या प्रबंधक (संचालन) द्वारा दी जायेगी, जिसमें एक प्रति कार्यशाला में रिकार्ड के लिये रखेंगे तथा दो प्रतियां चालक के साथ प्रशिक्षण संस्थान को भेजेंगे।

3. प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षक दो प्रतियों में से एक प्रति पर चालक की डीजल औसत प्रशिक्षण के बाद की रिपोर्ट चालक के साथ वापस आगार में भिजवायेंगे।

प्रारूप "अ"

आगार कार्यालय के उपयोग हेतु | प्रशिक्षण संस्थान के लिये

क्र.सं.	नाम चालक	आगार	डीजल औसत				दिवस (डीजल औसत)			
			6 माह का	**1**	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1.	**2**.	**3**.	**4**.							

हे प्रबंधक (संचालन) | हे प्रशिक्षक

4. प्रबंधक (संचालन) चालक के डीजल औसत की मोनिटरिंग प्रशिक्षण के बाद नियमित रखेंगे।

(ख) **15** दिवसीय दुर्घटना नियंत्रण पूर्व व पश्चात्-

1. दुर्घटना करने वाले चालकों को प्रत्येक माह को 3 व 17 तारीख को प्रपत्र "आ" के अनुसार तैयार कर प्रशिक्षण में भिजवाया जाना। एक प्रति आगार रिकार्ड में रखें तथा दो प्रतियां प्रशिक्षण संस्थान चालक के साथ भिजवायें।

2. प्रशिक्षण संस्थान आगार से प्राप्त प्रपत्र "आ" की एक प्रति प्रशिक्षण के बाद मुख्यालय को भिजवायेंगे।

प्रपत्र "आ"

क्र. सं.	नाम चालक	गत 3 वर्ष प्राणघातक	दुर्घटना बड़ी	दुर्घटना का कारण प्रशिक्षण दिनांक	गत 3 वर्ष में
1.	**2.**	**3.**	**4.**	**5.**	**6.**

हे प्रबंधक (संचालन)

टिप्पणी

हे प्रशिक्षण संस्थान प्रशिक्षक

3. दुर्घटना के मुख्य कारणों पर प्रशिक्षण देना।

(क) तेज गाड़ी चलाना।

(ख) उचित दूरी नहीं रख्रा।

(ग) अपनी लेन में न चलना।

(घ) खतरनाक तरीके से ओवर टेक करना।

(च) यातायात संकेतों व नियमों को तोड़ना।

(छ) अचानक आदमी या जानवर आ जाना।

(ज) ध्यान बट जाना।

4. निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण देना।

5. चालकों के प्रशिक्षण के लिये निम्न बिन्दुओं पर ज्ञान देना-

(क) व्यावहारिक अभ्यास।

(ख) यातायात के नियम व संकेत।

(ग) दुर्घटनाओं की खोज।

(घ) जन सम्पर्क पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।

6. तकनीकी साधनों का प्रशिक्षण-

(क) कुलिंग पद्धति।

(ख) ट्रान्समिशन पद्धति।

(ग) फ्यूल पद्धति।

(घ) विद्युत पद्धति।

7. कट मॉडल शाखा (वर्किंग मॉडल)

(क) पैट्रोल इंजिन (4 सिलेण्डर)

(ख) डीजल इंजिन (6 सिलेण्डर)

(ग) रियल एक्सल असम्बली।

8. नॉन-वर्किंक मॉडल-

(क) फ्रन्ट एक्सल (असेम्बली)।

(ख) टाई रोड असम्बली।

(ग) गियर बापस असेम्बली।

(घ) स्टेयरिंग बॉक्स असेम्बली।

(च) ब्रेक चैम्बर।

(छ) एयर फिल्टर।

(ज) ई 2-वाल्व

(झ) अनलोडर वाल्व।

9. फेल कम्पोनेन्टस-

(क) क्लच कवर असेम्बली

(ख) क्लच डिक्स

(ग) गियर बॉक्स गियर-

1. टोप गियर साफट

2. मेन साफट

3. काउन्टर गियर।

(ग) **3** दिवसीय (पी.सी.आर.ए.) प्रशिक्षण आगार स्तर पर-

(क) आगार स्तर पर्यावरण व डीजल बचत की जानकारी कराना।

(ख) यातायात नियमों व संकेतों की जानकारी कराना।

(ग) प्रशिक्षण दौरान चालक के डीजल औसत की मोनीटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराना।

(घ) एक दिवसीय प्रशिक्षण अन्य संस्थानों के द्वारा-

इस प्रकार के प्रशिक्षण के लिये डॉ. एम.एन. टण्डन मेमोरियल चेरिटेबिल ट्रस्ट जयपुर में स्थापित है, जिसकी चैयरपरसन डॉ. माया टण्डन द्वारा डमी के द्वारा दुर्घटना होने पर घायलों को कैसे बचाया जावे, का प्रशिक्षण दिया जाता है। निगम भी समय-समय पर इनकी सेवायें निगम हित में लेती रहती है। इनकी संस्था द्वारा “दुर्घटनायें और हमारा कर्त्तव्य” में सहायता के लिये निम्न बातों को बताया जाता है-

(क) दुर्घटनायें

(ख) दुर्घटना होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार

(ग) बेहोश हो जाने पर क्या करें

(घ) सांस व दिल की धड़कन कैसे चलायें।

(च) कृत्रिम सांस देने का तरीका

(छ) दिल की धड़कन व सांस वापस आने के लक्षणों की जानकारी

(ज) दुर्घटना में घाव हो जाना व खून का बहना रोकने की जानकारी

(झ) हड्डी टूट गई हो तो क्या करें

(ट) पेट व छाती पर घाव होने पर क्या करें, की जानकारी

(ठ) मानसिक आघात की जानकारी व बचाव के तरीके।

(च) दैनिक योगाभ्यास प्रशिक्षण-

चालकों के लिये वाहन संचालन के समय होने वाली थकान एवं गलत आदतों से छुटकारा पाने के लिये अनुभवी व कुशल प्रशिक्षक द्वारा योगा अभ्यास दैनिक रूप से कराना ताकि व्यक्ति की शारीरिक क्षमता व स्वास्थ्य अरोग्य रह सके।

(छ) **35** दिवसीय (बाहरी चालक) भारी वाहन संचालन-

श्रीमान प्रबंध निदेशक महोदय के आदेश संख्या 79 दिनांक 3.8.1995 के अनुसार निगम द्वारा बाहरी (निजी) चालकों को भारी वाहन संचालन का प्रशिक्षण दिया जाना सुनिश्चित किया जावे।

(क) चालक के पास कम से कम एक वर्ष पुराना हल्के वाहन चलाने का लाईसेन्स होना चाहिये, जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(ख) प्रशिक्षु की आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिये।

(ग) आवेदन-पत्र 5/- रु. नकद या पोस्टर ऑर्डर जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है।

(घ) प्रशिक्षण अवधि 35 दिवस निर्धारित है।

(च) प्रशिक्षण शुल्क के बल 2500/- रु. प्रति व्यक्ति प्रति बेंच निर्धारित है।

(छ) पाठ्यक्रम केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम, 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण कराया जाना है।

(ज) प्रशिक्षण उपरान्त अंतिम दिवस भारी वाहन संचालन का प्रमाण पत्र एवं लाईसेन्स बनवाना सुनिश्चित किया जावे।

(झ) असफल उम्मीदवारों के लिये पुनः प्रवेश दिया जावेगा, जिसमें शुल्क पुनः ली जाना सुनिश्चित करें।